दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 339 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 03 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा का प्रदेश भर के विधायकों से संवाद कार्यक्रम का आगाज, जोधपुर संभाग के विधायकों से की बातचीत

## विधायकों से पिछले बजट और संकल्प पत्र में किए गए वादों के क्रियान्वयन का मुख्यमंत्री ले रहे फीडबैक तथा आगामी बजट को लेकर भी सलाह और सुझाव मांग रहे तथा विधानसभा क्षेत्र की बाकी की समस्याओं को भी पूछ रहे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में नए साल की शुरुआत के साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नए जोश और उत्साह के साथ विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के क्रम में जोर शोर से जुटे हुए हैं । प्रदेश के सभी 200 विधानसभा सीटों के लोगों के समुचित कल्याण और प्रदेश के विकास को तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों से भी सलाह और सुझाव मांग रहे हैं तो दूसरी तरफ पिछली बजट की घोषणाओं और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन के बारे में भी जनप्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी हासिल करने में जूटिस गए हैं । इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शर्मा ने सबसे पहले जोधपुर संभाग के विधायकों के साथ सुबह से लेकर देर रात तक मंत्रणा की इस बातचीत में मुख्यमंत्री शर्मा ने बाड़मेर, जालौर, जोधपुर, पाली, सिरोही, जैसलमेर जिलों के विधायकों के साथ लंबी मंत्रणा की है । बातचीत के दौरान पार्टी के विधायकों ने पिछले 2 साल के कामकाज को लेकर काफी खुशी जताई है और सभी विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में कार्य होने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके अच्छे कामकाज के लिए बधाई भी दी है। मुख्यमंत्री शर्मा ने बातचीत के दौरान एक-एक विधानसभा सीट के बारे में विस्तार से चर्चा कर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा प्रत्येक विधानसभा सीट की पिछली बजट घोषणाओं के एक-एक वादे के क्रियान्वयन के बारे में विधायकों से पूछ रहे हैं इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन के बारे में भी जनप्रतिनिधियों से सवाल जवाबकर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी विधायकों से फीडबैक ले रहे हैं तथा विधायकों से विधानसभा क्षेत्र की जो समस्याएं अभी बनी हुई है उनके बारे में भी जानकारी हासिल कर रहे हैं ।



### भजनलाल शर्मा ने 2 साल में खुद को साबित करके दिखाया, कांग्रेस के नेता अब पर्ची वाला बयान नहीं देते

राजनीतिक विश्लेषकों का भी कहना है कि पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए हर क्षेत्र में प्रदेश के विकास को नई दिशा और तेज गति दी है कई बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं जिसकी वजह से प्रदेश कांग्रेस के नेता जो शुरू-शुरू में कई महीनो तक मुख्यमंत्री शर्मा को पर्ची वाला मुख्यमंत्री बताते थे अब कांग्रेस के नेताओं ने इस तरह का बयान देना बंद कर दिया है कांग्रेस पार्टी के नेताओं को भी अब यह समझ में आ गया है कि पिछले 2 साल में जो कार्य भजनलाल शर्मा ने करके दिखाया है वह अपने आप में काफी उल्लेखनीय है हालांकि विपक्ष में बैठे रहने के कारण यह उनकी मजबूरी है कि वह न चाहते हुए भी सरकार के कामकाज में कमियां निकलेंगे लेकिन कांग्रेस के बड़े नेताओं को भी यह आभास हो गया है कि 2 साल में भजनलाल शर्मा ने चमत्कारिक कार्य करके दिखाया है इसलिए जो नेता भजनलाल शर्मा को पर्ची वाला मुख्यमंत्री बताते थे अब उन्होंने इस तरह का बयान देना बंद कर दिया है क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा एक तरफ जहां प्रदेश भाजपा के विधायकों का भरोसा विश्वास और समर्थन हासिल करने में पूरी तरह सफल रहे तो दूसरी तरफ प्रदेश के विकास को गति देने में भी उन्होंने कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी राइजिंग राजस्थान प्रवासी राजस्थान जैसे समारोह का आयोजन करके और पिछले दो साल में 296 सरकारी भर्ती परीक्षाओं में एक भी परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक जैसी घटना नहीं होने से प्रदेश के युवा भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से काफी प्रभावित हैं जबकि पिछली गहलोत सरकार में प्रदेश के युवा पेपर लीक की घटनाओं से कांग्रेस से काफी नाराज हो गए थे यही वजह है कि अब कांग्रेस पार्टी के नेताओं को समझ में आ गया है कि अगर भजनलाल शर्मा को व्यक्तिगत रूप से टारगेट करेंगे तो प्रदेश के युवा उनसे और दूर हो जाएंगे इसीलिए कांग्रेस पार्टी के नेता आजकल मुख्यमंत्री को लेकर पर्ची वाला बयान नहीं देते

### पंचायत और नगर निकाय चुनाव को देखते हुए इस बार काफी खास होगा बजट

जानकार लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आगामी अप्रैल तक प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय चुनाव संपादित होंगे इस क्रम में प्रदेश के निर्वाचन विभाग में भी तैयारी शुरू कर दी है इसलिए राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट सत्र में जो बजट प्रस्तुत किया जाएगा वह बजट इस बार कुछ ज्यादा खास होगा क्योंकि प्रदेश की जनता का भरोसा और विश्वास बीजेपी सरकार के प्रति बना रहे । पार्टी के विधायकों और पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों को जनता के बीच चुनाव के दौरान विपरीत परिस्थितियों का सामना करना नहीं पड़े इसके लिए इस बार बजट तैयार करने में विशेष सावधानी बढ़ती जा रही है और सामूहिक संवाद सामूहिक सलाह और विधानसभा वार बची हुई समस्याओं को दूर करने के आधार पर बजट बनाने के बारे में गंभीरता से विचार किया जा रहा है इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा संभाग बार विधायकों से बातचीत कर रहे हैं क्योंकि पंचायत और नगर निकाय चुनाव भजनलाल सरकार के लिए एक तरह से अग्नि परीक्षा के समान है क्योंकि प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है इसलिए सरकार इन चुनाव को लेकर काफी गंभीर है और भजनलाल सरकार चाहती है कि बजट ऐसा हो जिसे देखकरप्रदेश के हर जाति और बिरादरी के लोगों के चेहरों पर मुस्कान छा जाए इसीलिए बजट से पहले मुख्यमंत्री शर्मा गंभीरता से बजट की रूपरेखा तैयार करने में व्यस्त हो गए हैं ।

### बजट के समावेशी और स्पर्शी और विकास परख बनाने की तैयारी

प्रदेश में भजनलाल सरकार के 2 साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है और पिछले दो साल में प्रदेश में पानी, बिजली ,सड़क, चिकित्सा, शिक्षा ,कृषि, रोजगार, महिला विकास, बाल विकास, पुलिसिंग, ऊर्जा, बिजली जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं अब तक भजनलाल सरकार की ओर से राजस्थान विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किए गए हुए वे सभी बजट काफी उत्कृष्ट रहे और बजट में किए गए वादों के क्रियान्वयन में भी भजनलाल सरकार पूरी तरह से सफल रही है अब आने वाले दिनों में राजस्थान विधानसभा में आगामी वित्त वर्ष के लिए बजट प्रस्तुत किया जाएगा इसी बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर समुचित और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए बजट तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं इसके लिए मुख्यमंत्री शर्मा विधायकों से बाकायदा बातचीत करके उनसे बजट के बारे में आवश्यक सलाह और सुझाव भी ले रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा चाहते हैं कि बजट सभी की सलाह और राय के आधार पर तैयार हो ताकि बजट समावेशी और स्पर्शी बन सके और बजट को लेकर किसी को भी किसी की तरह की कोई नाराजी ना रहे इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों उद्योगपतियों समाज सेवकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सरकारी कर्मचारी संगठन, तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे विशेषज्ञों इत्यादि सभी के साथ विस्तृत बातचीत करके बजट की रूपरेखा तैयार करना चाहते हैं इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शर्मा ने जोधपुर संभाग के विधायकों से बातचीत की ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक तीर से साध रहे कई निशाने

भले ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहली बार के विधायकों लेकिन पार्टी के संगठन का काम उन्होंने लंबे समय तक किया है करीब 20 साल तक प्रदेश भाजपा के महामंत्री रहे और प्रदेश भाजपा के पांच अलग-अलग अध्यक्षों के साथ उन्होंने काम किया इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने खुद को एक अनुभवी और कुशल मुख्यमंत्री के रूप में पिछले 2 साल में साबित करके दिखाया और कई बड़े-बड़े साहसिक ऐतिहासिक फैसले लेकर पूरे देश में अपने नाम का डंका भी बजाया इसलिए अब जिस तरह से उन्होंने विधायकों के साथ संवाद का कार्यक्रम शुरू किया है उससे एक तरफ जहां मुख्यमंत्री शर्मा को विधानसभा वार वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा दूसरी तरफ विधायकों से उनका अटैचमेंट और मजबूत होगा क्योंकि मुख्यमंत्री शर्मा एक-एक विधायक से आत्मीय भाव से बातचीत करके उनके क्षेत्र की समस्याओं को भी पूछ रहे हैं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक भी ले रहे हैं तो विधायकों को मुख्यमंत्री का यह व्यवहार काफी अच्छा लग रहा है इसलिए एक तरफ इस तरह के संवाद से मुख्यमंत्री शर्मा को बजट की रूपरेखा तैयार करने में मदद मिलेगी तो दूसरी तरफ विधायकों से उनका अटैचमेंट और मजबूत तथा गहरा होगा

## बुलेट ट्रेन परियोजना में पहली बार पर्वतीय सुरंग का निर्माण पूरा हुआः अश्विनी वैष्णव

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाराष्ट्र के पालघर में बुलेट ट्रेन परियोजना की दूसरी सुरंग के सफल निर्माण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। यह राज्य में परियोजना की पहली पर्वतीय सुरंग है। पालघर जिले की सबसे लंबी सुरंगों में से एक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी पर्वतीय सुरंग में यह सफलता हासिल की गई है जो विरार और बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित है। एमटी-5 सुरंग की खुदाई दोनों सिरों से की गई और अत्याधुनिक ड्रिल और ब्लास्ट विधि का उपयोग करके 18 महीनों के भीतर खुदाई पूरी की गई। यह विधि खुदाई के दौरान जमीन की स्थिति की वास्तविक समय में निगरानी करने की अनुमति देती है और वास्तविक स्थल स्थितियों के आधार पर शॉटक्रेट रॉक बोल्ट और लैटिस गर्डर जैसे सहायक प्रणालियों को तैनात करने में सक्षम बनाती है। सुरंग निर्माण के दौरान वेंटिलेशन अग्नि सुरक्षा उपायों और उचित प्रवेश और निकास व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानियों का सावधानीपूर्वक पालन किया गया। इससे पहले ठाणे और बीकेसी के बीच लगभग 5 किलोमीटर लंबी पहली भूमिगत सुरंग सितंबर 2025 में पूरी हुई थी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड परियोजना की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है जिसमें सुरंगों की कुल लंबाई 27.4 किलोमीटर है जिसमें से 21 किलोमीटर भूमिगत सुरंगें और 6.4 किलोमीटर सतही सुरंगें शामिल हैं। इस परियोजना में आठ पहाड़ी सुरंगें शामिल हैं जिनमें से सात सुरंगें महाराष्ट्र में हैं जिनकी कुल लंबाई लगभग 6.05 किलोमीटर है, और एक 350 मीटर लंबी सुरंग गुजरात में स्थित है। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना से महत्वपूर्ण रोजगार सृजित हो रहा है और संचालन के दौरान अतिरिक्त अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक



बार पूरा होने पर यह परियोजना मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा के समय को घटाकर मात्र 1 घंटे 58 मिनट कर देगी जिससे प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों की अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ा और एकीकृत किया जा सकेगा। इस परियोजना से कॉरिडोर के साथ आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने ज्ञान के आदान-प्रदान में सुविधा होने और नए औद्योगिक और आईटी केंद्रों के विकास में सहयोग मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे दीर्घकालिक आर्थिक लाभ होंगे और आरामदायक एवं किफायती यात्रा सुविधा प्रदान करके मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि परियोजना पूरी होने के बाद सड़क परिवहन की तुलना में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 95 प्रतिशत की कमी आएगी। महाराष्ट्र में सात पर्वतीय सुरंगों पर काम चल रहा है। 820 मीटर लंबी एमटी-1 का 15 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि 228 मीटर लंबी एमटी-2 पर वर्तमान में प्रारंभिक कार्य चल रहा है। 1,403 मीटर लंबी एमटी-3 का 35.5 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 1,260 मीटर लंबी एमटी-4 का 31 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। 1,480 मीटर लंबी एमटी-5 जो इन सभी पर्वतीय सुरंगों में सबसे लंबी है का 55 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और शुक्रवार को इसमें सफलता प्राप्त हुई।

## चोमू में योगी स्टाइल में चला पीला पंजाः पठानों का मोहल्ला इमाम चौक में हटाए गए अतिक्रमण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर प्रदेश की योगी स्टाइल में जयपुर के निकट चोमू में भी अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई चोमू में पठानों का मोहल्ला और इमाम चौक में अनेक अतिक्रमण हटाए गए यह अतिक्रमण उन लोगों ने कर रखे थे जिन्होंने पिछले दिनों 25 दिसंबर की रात पुलिस पर पत्थर फेक थे शुक्रवार को भारी पुलिस बल के साथ नगरपालिका के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी और अन्य साधन और उपकरण लेकर पुलिस और नगर पालिका के अधिकारी पठानों का मोहल्ला और इमाम चौक में पहुंचे तो वहां पर भारी पुलिस जाता देखकर लोगों के चेहरे उतर गए हालांकि पुलिस ने अतिक्रमण हटाने के लिए अतिकमान करने वालों को पहले नोटिस भी दिया था और 31 दिसंबर तक नोटिस का जवाब देने के लिए भी कहा गया था लेकिन नोटिस के अवधि समाप्त होने के बाद नगर पालिका प्रशासन और पुलिस ने शुक्रवार को चोमू में अतिक्रमण हटाने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई की शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान ही चोमू नगर पालिका की ओर से तीन अवैध बहु मंजिल परिसर को सीज भी किया गया है हालांकि शुक्रवार को जिला प्रशासन पुलिस और नगर पालिका प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई का किसी ने विरोध भी नहीं किया हालांकि स्थानीय लोगों के चेहरों पर उदासी जरूर छाई हुई थी और शायद उन्हें अपने किए पर पछतावा भी हो रहा था मन में सोच रहे थे अगर उस दिन पुलिस पर इस तरह से पत्थर नहीं फेंकते तो इतनी कड़ी कार्रवाई का सामना उन्हें नहीं करना पड़ता लेकिन शुक्रवार को यहां नगर पालिका प्रशासन और पुलिस तथा जिला प्रशासन ने लोगों को संदेश दे दिया है कि अगर किसी कानूनी कार्रवाई का विरोध किया जाएगा




तो फिर विरोध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी उल्लेखनीय है कि गत 25 दिसंबर को चोमू में बस स्टैंड में कलंदरी मस्जिद के सामने अवैध अतिक्रमण को हटाने के दौरान एक संप्रदाय विशेष के लोगों ने पुलिस पर जमकर पत्थर फेक थे जिसकी वजह से कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए हालांकि बाद में पुलिस ने स्थिति को कंट्रोल में कर लिया था और पत्थर फेंकने वाले लोगों को डिटेल भी कर लिया था 110 से ज्यादा लोगों को पकड़ा गया था जिन में कई लोगों की जमानत हो गई थी इनमें 19 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत पुलिस ने मामला दर्ज किया था जो फिलहाल अभी जेल में है बाद में पुलिस ने इस मामले में आरोपी लोगों की गतिविधियों और उनके बैकग्राउंड को गंभीरता से देखा तो पता चला कि आरोपी लोगों ने कई जगहों पर अतिक्रमण किया हुआ है इसलिए स्थानीय नगर पालिका प्रशासन की ओर से अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिया गया और 31 दिसंबर तक नोटिस का जवाब देने को कहा गया था बाद में शुक्रवार को पुलिस नेपठानों का मोहल्ला इमाम चौक और कहीं अन्य जगहों से भारी मात्रा में अतिकमान हटाए हैं जेसीबी के माध्यम से सभी जगह पर सरकारी जमीन पर किए गए कब्जों को मुक्त करवा लिया गया है ।

## नए साल पर पीएम मोदी ने राष्ट्र के नाम दिया संदेश और कहा आपके संकल्प की सिद्धि हो

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए साल के मौके पर राष्ट्र के नाम संदेश दिया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सुबह सोशल मीडिया पर एक मोटिवेशनल मैसेज किया प्रधानमंत्री ने मैसेज में लिखा कि आपका संकल्प की सिद्धि हो । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2026 के दूसरे दिन शुक्रवार को देश के नाम संदेश में लिखा कि मेरी कामना है कि आने वाले समय में आपको अपने हर प्रयास में सफलता मिले दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति से नए साल में आपके संकल्प की सिद्धि हो । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इस संदेश को संस्कृत के श्लोक में भी लिखा संस्कृत में श्लोक लिखने के साथ ही इस बात से प्रेरणा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक बार फिर समकालीन आकांक्षाओं और दार्शनिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बात के माध्यम से लोगों को सफलता की नींव के रूप में आंतरिक शक्ति और स्पष्ट रखने पर जोर दिया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नए साल के पहले ही दिन देशवासियों को बधाई दी प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा था कि आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं कामना करते हैं कि यह वर्ष हर किसी के लिए नई आशाएं नए संकल्प और एक नया आत्मविश्वास लेकर आए सभी को जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दें पीएम मोदी ने इस बात को श्लोक के माध्यम से भी प्रकट किया था जानकार लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश के लोगों को अपने से जोड़ रखते हैं और लोगों से नियमित रूप से संवाद करते रहते हैं उनका यह संवाद हर आयु वर्ग के लोगों के लिए होता है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का एक छोटा बच्चा से लेकर बुजुर्ग व्यक्ति तक उन्हें देखना और सुनना पसंद करता है इतना ही नहीं ऑफिसर्स भी उन्हें काफी फॉलो करते हैं चाहे किसी भी जाति और संप्रदाय का कोई सा भी त्यौहार हो नरेंद्र मोदी सबसे पहले शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं इसीलिए देश के लोगों का उनके प्रति आकर्षण लगातार बढ़ता जा रहा है।

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक आज रात 8:00 बजे कांस्टीट्यूशन क्लब में, भजनलाल शर्मा मदन राठौड़ और बीएलसंतोष भी रहेंगे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक आज रात 8:00 बजे विधानसभा के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित की जाएगी । इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी मौजूद रहेंगे । जानकारी के अनुसार आज आयोजित हो रही भाजपा की है बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि एक तरफ प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के 2 साल पूरे कर लिए हैं और इसी माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बाड़मेर की रिफाइनरी का उद्घाटन करने आने वाले हैं इसके अलावा कुछ महीनो बाद ही प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव भी आयोजित होने वाले हैं ऐसे में आज की इस बैठक में कई




विषयों पर गंभीरता से विचार विमर्श करके पार्टी के संगठन को मजबूत करने और केंद्र सरकार तथा राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कुछ विशेष निर्णय लिए जा सकते हैं । जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में प्रदेश का एक और बजट विधानसभा में प्रस्तुत होने वाला है और इस बजट की रूपरेखा तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के विधायक को और संगठन से जुड़े नेताओं से विचार विमर्श करना भी शुरू कर दिया है इसलिए आज की इस बैठक में सरकार के 2 साल में किए गए कार्यों और उपलब्धियां पर चर्चा होने के साथ-साथ इस बात पर भी गंभीरता से चर्चा करके निर्णय लिया जाएगा कि क्या वास्तव में सरकार की उपलब्धियां और सरकार की योजनाओं के बारे में प्रदेश के सभी लोग जानते हैं क्योंकि पिछले दिनों जिस तरह से अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा उसके बाद खुद प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा था कि कहीं ना कहीं हम अपनी पार्टी की सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं को जनता तक ठीक तरह से नहीं पहुंच पाए इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लगातार पार्टी की बैठक और जनसभा में लोगों से यह कहते रहे हैं कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी उन लोगों तक जरूर पहुंचाई जाए जिनके पास इन योजनाओं की जानकारी नहीं है ताकि लोग इन योजनाओं का फायदा उठा सके इसलिए कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ को यह लगता है कि सरकार की उपलब्धियां और कार्यों के बारे में अब भी लोगों को समुचित जानकारी नहीं है इसलिए जब तक लोगों के पास सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं की जानकारी समुचित रूप से पहुंचेगी ही नहीं तो फिर प्रदेश के लोगों को सरकार के कार्यों का पता कैसे चलेगा और प्रदेश के लोग सरकार के प्रति भरोसा कैसे रखेंगे इसलिए केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं महत्वपूर्ण निर्णय और उपलब्धियां के बारे में जन-जन तक जानकारी पहुंचाने के लिए आज की इस बैठक में एक बार फिर से विस्तार से चर्चा होकर आवश्यक निर्णय लिए जा सकते हैं इसके अलावा प्रदेश में अब कुछ ही महीना बाद पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव होने वाले हैं ऐसे में प्रदेश में सत्ता और संगठन के लिए यह चुनाव एक तरह से अग्नि परीक्षा के समान है क्योंकि अगर चुनाव के नतीजे विपरीत सामने आते हैं तो फिर निश्चित रूप से यह प्रदेश सरकार के अस्तित्व के लिए अच्छी खबर नहीं रहेगी इसलिए आज की इस बैठक में पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को लेकर भी विस्तार से चर्चा करके इन चुनाव में पार्टी की शानदार जीत कैसे हो इसके बारे में आवश्यक निर्णय और रणनीति तैयार की जा सकती है ।

## पढ़े लिखे लोग समाज और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल यह चिंता का विषय : राजनाथ सिंह

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश में पढ़े-लिखे लोगों के रास्ता भटकने और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लेकर गहरी चिंता जताई सिंह ने जोर देकर कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त लोग भी समाज विरोधी और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं जो की एक बड़ा संकट बन सकता है 10 नवंबर को लाल किला के पास हुए बम धमाके का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस हमले में शामिल लोग डॉक्टर थे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उदयपुर में भूपाल नोबल्स यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस के मौके पर बोल रहे थे उन्होंने कहा कि व्हाइट कार टेररिज्म देश के लिए खतरे की घंटी है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिन लोगों को अपने परिचय में R&लिखना चाहिए वे आरडीएक्स लेकर घूम रहे हैं ऐसे में हमें नैतिकता और चरित्र निर्माण पर ध्यान देने की जरूरत है शिक्षा का मतलब केवल प्रोफेशनल फील्ड में सफलता नहीं होना है बल्कि नैतिक और मानवीय चरित्र के स्तर पर भी मजबूत होना चाहिए सिंह ने कहा कि ज्ञान स्पर्धा को बढ़ाता है और इससे समृद्धि बढ़ती है समृद्धि से ही धर्म का विकास होता है और फिर समाज खुशहाल होता है अगर कोई भी एजुकेशन सिस्टम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है और धर्म के असली मतलब को नहीं समझ पा रहा है तो यह शिक्षा किसी काम की नहीं बल्कि समाज के लिए खतरनाक है।

## स्कीम दो गुरुद्वारा सिंह सभा से निकाली छठी प्रभात फेरी, सेवकों ने की भव्य आतिशबाजी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। शहर में शुक्रवार को स्कीम नंबर दो गुरुद्वारा सिंह सभा से छठी प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का स्वागत पुष्प वर्षा और भव्य आतिशबाजी कर के प्रेम सिंह, शम्मी सिंह, राजेंद्र सिंह और मीनू सिंह द्वारा किया गया। शहर में लगभग 7 प्रभात फेरिया निकाली जाएगी। प्रति दिन सुबह 05 बजे गुरुद्वारा स्कीम नंबर 2 से निकाली जाती है। पूरे स्कीम 2 में कीर्तन करते हुए स्कीम नंबर दो गुरुद्वारे में आकर इसका समापन होता है। शुक्रवार को प्रभात फेरी में प्रधान सतनाम सिंह रवि , उप प्रधान गुरप्रीत सिंह (लक्की ) मुख्य सेवादार गुरनाम सिंह (राजू), डी पी सिंह, मधुर हर्ष भाटिया, अनमोल सिंह, परमीत सिंह , हरजीत सिंह ,रजनीश अरोड़ा, राजू पटवारी, राजेंद्र सिंह बग्गा, इंद्रजीत सिंह, रौनक सिंह, गुलशन सहित अनेक सेवक मौजूद रहे। शुक्रवार की प्रभात फेरी में मुख्य शब्द रागी भाई हरप्रीत सिंह (जम्मू वाले ), मुख्य तबला वादक बबलू सिंह, मनप्रीत सिंह, मुख्य ग्रंथि रंजीत सिंह, संदीप सिंह ने शब्द कीर्तन कर के आई हुई सभी संगत को निहाल किया। इसके उपरांत अरदास की गई तथा आई हुई सभी संगत को चाय, गुलाब जामुन और ब्रेड पकोड़े का प्रसाद वितरित किया गया। सिख धर्म सभी लोगों को प्रेम, स्नेह, दया, समानता, नाम जप और दान करने का संदेश देता है।

## लाडो प्रोत्साहन योजना के भुगतान करने में जिला खैरथल तिजारा ने राज्य में प्राप्त किया तीसरा स्थान

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)**। लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत जीवित बालिका जन्म पर राज्य सरकार द्वारा लाभार्थी को 150000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाती हैं। इसके अंतर्गत अगर कोई महिला राज्य के सरकारी अस्पताल में डिलीवरी करवाती है तो उसकी बालिका जन्म पर प्रथम किस्त के रूप में 2500 दिए जाते हैं। तथा दूसरी किस्त बच्ची के 9 माह पूर्ण होने पर एवं समस्त टीकाकरण करवाने पर 2500 की किस्त दी जाती है। बाकी की 5 किस्तों के रूप में भुगतान शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। स्कूल में एडमिशन पर तीसरी किस्त 5, 10, 12 और स्नातक पास करने पर बाकी की किस्तों को भुगतान किया जाता है। ये भुगतान सीदे लाभार्थी के माता के अकाउंट में दिया जाता है। जिला खैरथल तिजारा में कुल 2328 जीवित बालिका का जन्म हुआ जिसमे से 2163 लाभार्थियों खाते में भुगतान किया जा चुका है जो की 92.9 प्रतिशत है इसके अंतर्गत राज्य में जिले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उक्त योजना का लाभ लेने के लिए सरकार अस्पताल में डिलीवरी करावे तथा निम्न दस्तावेज जमा करावे- 1. जन आधार कार्ड, 2. खाता संख्या पासबुक की प्रति, 3. आधार कार्ड

## रतनगढ़ में टैम्पो के होंगे सीरियल नंबर जारी

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)**। शहर में संचालित टैम्पो को पुलिस प्रशासन की ओर से सीरियल नंबर जारी किए जाएंगे। बिना सीरियल नंबरों के संचालित टैम्पो पर कार्रवाई भी की जा सकती है। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित टैम्पो चालक यूनियन के रामस्वरूप भार्गव ने बताया कि गत



दिनों सीआई गौरव खिड़िया की ओर से जारी निर्देशों पर बस स्टैंड पर डेस्क लगाकर शहर में संचालित ऑटो चालकों से आरसी व लाईसेंस की प्रतियां ली जा रही है। गत 29 दिसंबर से शुरू किया गया यह अभियान पांच जनवरी तक चलेगा। अब तक 188 ऑटो चालकों ने अपने दस्तावेज डेस्क के पास जमा करवाए है। जबकि शहर में 400 से 500 ऑटो है। सीरियल नंबर आवंटित होने के बाद पुलिस की ओर से बार-बार चालकों से दस्तावेज संबंधी जांच नहीं की जाएगी। साथ ही सवारियों की ओर से सामान छूटने पर इन नंबरों के आधार पर सामान बरामदगी भी आसान होगी। इसके अलावा अन्य कई लाभ इन नंबरों के माध्यम से ऑटो चालकों एवं आमजन को मिल पाएंगे।

## कुम्हार समाज का प्रतिभा




## सम्मान समारोह 4 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा/झुंझुनूं (निस)**। कुम्हार कर्मचारी व समाज सेवा समिति जिला झुन्झुनूं की ओर से आगामी 4 जनवरी को सुबह सवा 10 किसान कॉलोनी स्थित दानाराम अतिथि भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक व समिति उपाध्यक्ष राजेन्द्र सनोदिया मंडावा ने बताया कि समारोह में जोराराम कुमावत, पशुपालन गोशाला, डेयरी व देवस्थान कैबिनेट मंत्री, राज0सरकार, प्रहलादराय टाक,अध्यक्ष ( राज्यमंत्री ) यादे माटी कला बोर्ड,राजस्थान, इंदुरमल गेदर, विधायक सूरतगढ़, मदन प्रजापत प्रवक्ता भाजपा, पवन प्रजापति आई. ए. एस. दिल्ली, कुरड़ाराम नानवाल( भामाशाह ), सुरेन्द्र लाम्बा,अधिवक्ता राज.हाईकोर्ट जयपुर आदि मंचासीन अतिथि होंगे।

# केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने नमो वन बायोडावर्सिटी पार्क में प्रातः भ्रमण के दौरान आमजन से किया संवाद

### जिले के बुनियादी ढांचे की मजबूती के साथ-साथ चहुंमुखी विकास को बताया प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर प्रवास के दौरान प्रातः भ्रमण नमो वन बायोडावर्सिटी पार्क में किया, इस दौरान सैर पर आये लोगों से उन्होंने जिले के विकास पर संवाद किया। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने भ्रमण कर रहे लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने नव वर्ष की शुभकामनायें देकर अलवर की खुशहाली की कामना की। उन्होंने



कहा कि अलवर का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करते हुए अलवर जिले के आधारभूत ढांचे की मजबूती की दिशा में भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से बड़ौदा में पनियाला 6 लाइन हाईवे को जोड़ा गया है, जिससे जिले में बेहतर रोड कनेक्टिविटी के साथ आमजन को समय की बचत होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग -921 के महवा- मंडावर- राजगढ़ क्षेत्र को पेव्ड शोल्डर के साथ फोर लेन बनाने हेतु 862.22 करोड रुपए की स्वीकृति जारी की गई है, इस परियोजना से महवा बाईपास के पास राष्ट्रीय राजमार्ग -921 के जंक्शन से कोठी नारायणपुर के पास राज्य राजमार्ग -25 तक कार्य होगा। उन्होंने बताया कि रोड कनेक्टिविटी के साथ-साथ जिले में रेलवे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं, जिसके तहत रेलवे स्टेशन के नए भवन निर्माण कार्य का जल्द शिलान्यास किया जाएगा। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने बताया कि जिले में खेल कल्चर को विकसित करने के लिए खेल सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी विशेष फोकस किया जा रहा है। वहीं पशुपालकों संबल प्रदान करने के लिए सरस डेयरी को सुदृढ़ करने की दिशा में 350 करोड रुपए की लागत से डेयरी में 5 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के नवीन दूध प्लांट का कार्य प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, इसी दिशा में जिले में प्याज के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एफपीओ के माध्यम से जॉइंट प्रोग्राम तैयार किया जा रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि अलवर का सांसद होने के नाते आमजन की भावना के अनुरूप अलवर जिले को आगे बढाने के साथ-साथ विकास कार्यों को और गति देने काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण भी किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, घनश्याम गुर्जर, जितेंद्र राठौड़, महेश निहलवानी, निलेश खंडेलवाल, नरेश गोयल, प्रमोद विजय, मुकेश विजय, प्रेम पटेल, देशराज खरेरा, अंजू शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

### साइबर संग्राम अभियान 2.0

## बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में एनएसएस विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव का प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। साइबर संग्राम अभियान 2.0 के अंतर्गत बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, जिला अलवर में एनएसएस कैम्प के विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं के लिए साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना तथा साइबर अपराधों से होने वाले मानसिक तनाव व आर्थिक क्षति से आमजन को बचाना रहा। पुलिस अधीक्षक जिला अलवर सुधीर चौधरी (आई.पी.एस.) ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कांबले शरण गोपीनाथ (आई.पी.एस.) ने आयोजित इस कार्यक्रम में साइबर अपराध के नवीन तरीकों, उनसे होने वाले दुष्प्रभावों तथा त्वरित सहायता हेतु 1930 हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर ठगी न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। कार्यक्रम में सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को 'डिजिटल स्वास्थ्य' का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए




ओटीपी व पिन साझा न करने, मजबूत पासवर्ड रखने, सोशल मीडिया पर दो-स्तरीय सुरक्षा अपनाने, अनजान लिंक व क्यूआर कोड से बचने तथा पब्लिक वाई-फाई पर बैंकिंग लेनदेन न करने जैसी सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया। आमजन से अपील की गई कि किसी भी साइबर फ्रॉड की स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत 1930 हेल्पलाइन या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके।

## अपराध गोष्ठी के माध्यम से अपराधों में कमी लाने, अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने के सम्बन्ध में कि चर्चा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। सुधीर चौधरी पुलिस अधीक्षक जिला अलवर जानकारी देते हुए बताया कि मिनी सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक सभागार जिला अलवर में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अपराध गोष्ठी में कांबले शरण गोपीनाथ अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर व डॉ. प्रियंका अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला अलवर एंव जिले के प्रभारीगणों ने भाग लिया। अपराध गोष्ठी में जिले की कानून व्यवस्था एवं अपराध की समीक्षा की जाकर अवैध खनन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही, साईबर एवं संगठित अपराध के संबंध में, अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने, अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने, आर्म्स एक्ट, वांछित अपराधियों / स्थाई वारण्टियों की तलाश कर उन्हे अविलम्ब गिरफ्तार करने, हिस्ट्रीशीटर्स व हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, अपराधियों के महिमामंडन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। धारा 111-112 बीएनएस में कार्यवाही एवं अपराधियों की सम्पति की जब्ती के लिए धारा 107 बीएनएसएस की कार्यवाही, राजपासा, इंसदादी कार्यवाही के संबंध में चर्चा की गई। कार्यालय एवं थाना पर आने वाले परिवादियों / पिडितों की अविलम्ब सुनवाई सुनिश्चित कर कार्यवाही करने, उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करने, समाज के कमजोर वर्गों / महिलाओं / बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही कर शीघ्र न्याय दिलवाने हेतु निर्देश दिये गये। अभियान CYBER SANGRAM (साइबर संग्राम) के दौरान साईबर काईम रिर्पोटिंग पोर्टल / 1930 एवं थानों पर प्राप्त परिवादों का अधिक से अधिक निस्तारण करना, साईबर अपराधों में लिप्त मोबाईल नम्बरों / आईएमईआई नम्बरों को ब्लॉक करना, सीईआईआर पोर्टल में एसओपी के आधार पर मोबाईलों की बरामदगी व पीडितों को लौटाने की कार्यवाही, प्रतिबिन्ब पोर्टल के माध्यम से साईबर अपराधियों पर कार्यवाही, समन्वय पोर्टल पर साईबर अपराधियों का अधतन रिकॉर्ड अपलोड करना, साईबर अपराध के प्रकरणों में वांछित अपराधियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी करना, साईबर जागरूकता सम्बन्धित कार्यक्रमों में पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्य / साईबर वॉलिन्टियर्स का सहयोग प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अलवर की कार्यकारिणी एवं इकाई अध्यक्षों के विस्तार की घोषणा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अलवर की संगठनात्मक संरचना को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न इकाइयों के अध्यक्षों की घोषणा की गई। यह घोषणा जिलाध्यक्ष मनोज चाचान एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद विजय की संयुक्त सहमति से की गई। जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री के पद पर उमेश चन्द खण्डेलवाल, जिला मीडिया प्रभारी के रूप में एल.एन. गुप्ता, तथा जिला मीडिया सह प्रभारी के रूप में दीपक गुप्ता को दायित्व सौंपा गया है। इसी क्रम में घोषित इकाई अध्यक्षों में मालाखेड़ा से अशोक गुप्ता, कठूमर से महेश खंडेलवाल, खेड़ली से भगवान सहाय गर्ग, राजपुर धमरेड. सकट से कमल जैन, थानागाजी से भरत राम माहेश्वरी, प्रतापगढ़ किशोरी अजबगढ़ से भागीरथ अग्रवाल, राजगढ़ से ब्रजेश सराफ, टहला से राकेश खंडेलवाल, बड़ौदा मेव से मनोज जैन, माचाड़ी से किशन बटवाड़ा, लक्ष्मणगढ़ से विशाल झालानी, गढ़ी सवाईराम से जितेंद्र बंसल एवं गोविंदगढ़ से मुकेश छतरपुरिया को दायित्व सौंपा गया है। जिला नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीति एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए वैश्य समाज को संगठित करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा समाजहित से जुड़े कार्यों को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री (संगठन) हरि शंकर खण्डेलवाल, जिला महामंत्री राकेश खण्डेलवाल एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रहलाद अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त इकाई अध्यक्षों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को जिला अलवर में और अधिक प्रभावशाली बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। साथ ही सभी इकाई अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी अपनी इकाइयों की पदाधिकारियों की सूची आगामी सात दिनों में जिला कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## एक मासूम से दरिंदगी करने वाले आरोपी को पोक्सो कोर्ट ने सुनाई अंतिम सांस तक कठोर आजीवन कारावास की सजा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)**। विशिष्ठ न्यायालय पोक्सो नंबर. 2 की न्यायाधीश शिल्पा समीर ने शुक्रवार को एक 12 साल की मासूम से दरिंदगी करने वाले मुल्जिम को दुष्कर्म के प्रकरण में अंतिम सांस तक कठोर आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया। विशिष्ठ लोक अभियोजक पंकज यादव ने बताया की पीड़िता के पिता ने 12 नवम्बर 2024 को पुलिस थाना अरावली विहार में रिपोर्ट दर्ज कराई की मुल्जिम ने उसकी 12 वर्ष से कम उम्र की बेटी को चीज कोल्ड ड्रिंक के बहाने से बहला-फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर पीड़िता को डरा-धमका कर बार बार बुलाकर एक वर्ष मे करीब 10 -15 बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटनाक्रम के बारे मे अपनी बुआ को बताया, फिर बुआ ने पीड़िता के पिता और परिवार को बताया, जिस पर पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर अनुसन्धान अधिकारी पुलिस उप अधीक्षक डॉ. पूनम ने अनुसन्धान में पीड़िता के साथ हुई घटना को प्रमाणित पाया और बाद अनुसन्धान न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट पेश की। अभियोजन पक्ष ने 15 गवाह और 20 दस्तावेजी साक्ष्य प्रदर्शित करवाई गई। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षो की सुनवाई के बाद अभियोजन पक्ष की परीक्षित साक्ष्य और सबूतों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आरोपित अपराध प्रमाणित पाये जाने पर दोषसिद्ध किया। सजा के बिंदु पर आरोपी के अधिवक्ता ने सजा में नरमी का रुख अपनाया जाकर कम सजा से दंडित किए जाने पर निवेदन किया जबकि विशिष्ट लोक अभियोजक द्वारा इसका कड़ा विरोध किया गया। न्यायालय की न्यायाधीश शिल्पा समीर द्वारा कहा गया कि ' आरोपी द्वारा 12 साल से कम आयु की मासूम बालिका जो खिलौनो से खेलने की उम्र की है। उसकी मासूमियत का फायदा उठाकर चीज देने के बहाने से बरगलाकर उसके साथ दरिंदगी कर जघन्य अपराध किया है। जिसका बच्ची पर ना केवल क्षणिक बल्कि जीवनपर्यन्त तक मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव रहेगा। ' जिससे मुल्जिम की सजा में नरमी नहीं रखी जा सकती। सजा में नरमी रखे जाने पर समाज में गलत संदेश जाएगा। मुलजिम द्वारा किए गए जघन्य अपराध के लिए न्यायालय द्वारा आरोपी को अंतिम सांस तक आजीवन कठोर कारावास की सजा व 4 लाख रूपये के अर्थदंड से भी दण्डित किया गया। वहीं न्यायालय द्वारा पीड़िता को प्रतिकर योजना के तहत 2 लाख रूपये प्रतिकर दिलवाये जाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर को अनुशंसा की गई।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)**। आरयूआईडीपी की ओर से महिलाओं को घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ व उपयोग की जानकारी देने के लिए वार्ड संख्या 11 स्थित खटीक बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कंपनी की जनसहभागिता इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ व काजल सांखला की ओर से महिलाओं को सीवरेज परियोजना की विस्तार से जानकारी देते हुए घरेलू सीवरेज कनेक्शन के लाभ एवं उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ये कनेक्शन आरयूआईडीपी की ओर से निशुल्क किए जा रहे हैं। इन कनेक्शनों में घर के स्नानघर, रसोई व शौचालय को जोड़ा जाएगा। साथ ही स्नानघर व रसोई में जाली अवश्य लगाए, ताकि किसी ठोस वस्तु से नाला अवरूद्ध न हो। इन कनेक्शनों के बाद नालियां सुखी रहेगी तथा स्वच्छता में बेहतर बदलाव आएंगे और बीमारियों में भी कमी आएगी। साथ ही कुई खाली करवाने की समस्या से भी आमजन को निजात मिलेगी। कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों से उक्त कनेक्शन निगरानी में करवाने का आह्वान करते हुए कहा कि मकान मालिक स्वयं उपस्थित होकर गुणवत्ता के साथ कार्य को संपादित करवाए। इस अवसर पर काफी संख्या में महिला व पुरूष उपस्थित रहे।

## त्रिनेत्र योग धाम में खूब जमा पौषबड़ा महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)**। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पितर जी की ढ़ाणी स्थित त्रिनेत्र योग धाम में गुरुवार को नववर्ष के उपलक्ष में भव्य पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की उपस्थिति में पोष बड़ा महोत्सव ने शानदार रंग जमाया। योगाचार्य डॉ. मनोज शर्मा व विनिता शर्मा के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम गीत-संगीत के साथ खूब प्रवान चढ़ा। कार्यक्रम का शहर के लोगों ने पोष-बड़ा के साथ-साथ फिल्मी गीतों का भी खूब आनंद उठाया और नव वर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता यात्रा शुरू

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)**। अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक के नेतृत्व में नायक समाज की राष्ट्रीय एकता यात्रा की शुरुआत बहुत ही शुभ अवसर पर आरंभ हुई है। एकता यात्रा का बीड़ा उठाने वाले युवा जयप्रकाश नायक, भूराराराम नायक, जयनारायण चौहान, कैलाश नायक आदि युवा धन्यवाद के पात्र हैं। नववर्ष 2026 के अवसर पर राष्ट्रीय एकता यात्रा के संयोजक जयप्रकाश नायक के संयोजन में जोधपुर में नायक समाज खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। इस खेलकूद कार्यक्रम में जोधपुर ज़िले के



नायक एक सूत्र में आ गए हैं। एक जनवरी को खेल प्रतियोगिता दीप प्रज्ज्वलित करके आरंभ की गई। अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक लोहरा और पाबूपुरा पंचायत विकास समिति के अध्यक्ष भंवरलाल हटवाल के संयुक्त नेतृत्व में जोधपुर के लगभग सभी वरिष्ठ नायक समाज के बंधुओं सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों ने दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में भाग लिया। दीप प्रज्वलन के बाद जोधपुर के दिवंगत खिलाड़ियों को पुष्पांजलि के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एक जनवरी को क्रिकेट मैच का शुभारंभ अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक ने टोस उछाल कर किया। क्रिकेट मैच बडगूजर और खेल प्रतियोगिता के संचालक आई दान नायक और पंचायत समिति के अध्यक्ष भंवरलाल हटवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जयप्रकाश नायक के साथ अन्य युवा साथी नोज कुमार घोरण, नंदकिशोर बरड़, विवेक हटवाल, विनय कुमार बोयत, विजय लोहरा, प्रहलाद सिसोदिया, गोरधन घोरण, दिनेश मलगट,बादल घोरण, निर्मल चौहान आदि युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नये साल के प्रथम दिन में दूसरा फुटबॉल मैच मलगट और सिसोदिया टीमों के बीच खेला गया। क्रिकेट मैच में गोयल टीम विजेता रही और फुटबॉल मैच में मलगट टीम ने विजय श्री अपने नाम कर ली। आई दान नायक ने बताया कि खेल प्रतियोगिता दस जनवरी तक चलेगी।

# भाजपा राजस्थान को विकसित और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध: राठौड

## भाजपा सरकार ने हमेशा राजस्थान के हितों को रखा सर्वोपरि, जबकि कांग्रेस ने बंदरबांट की राजनीति को दिया बढ़ावा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने और भारत को और अधिक समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लेकर आया है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2025 में भारत की विश्व मंच पर प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया। देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ा है और कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल कर चुका है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी भारत ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने अल्प समय में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। चाहे जल प्रबंधन का क्षेत्र हो बिजली आपूर्ति रोजगार सृजन आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण हो या किसानों को सशक्त बनाने की योजनाएं– सरकार ने प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र के हित में ठोस निर्णय लिए हैं। राठौड़ ने कहा कि सोलर ऊर्जा के माध्यम से किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी जिससे कृषि के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। इससे राजस्थान समृद्ध बनेगा और विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा। राठौड़ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज विपक्षी दलों में आपसी कलह फूट और सिर फुटव्वल साफ दिखाई दे रही है। इसी कारण जनता का विश्वास भाजपा पर लगातार बढ़ रहा है और लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। राजस्थान रिफाइनरी के विषय में राठौड़ ने कहा कि इसकी प्रक्रिया वसुंधरा राजे सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुई थी। कांग्रेस सरकार ने सितंबर 2013 में रिफाइनरी को लेकर ऐसा एमओयू किया जिसमें राज्य सरकार को 15 वर्षों तक बिना ब्याज के प्रतिवर्ष 3871 करोड़ रुपये देने थे तथा 15 वर्ष बाद 26 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलती यह राज्य पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डालने वाला समझौता था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में वसुंधरा राजे सरकार ने एचपीसीएल के साथ नया एमओयू किया जिसके तहत राज्य सरकार प्रतिवर्ष लगभग 1100 करोड़ रुपए देगी उस पर ब्याज भी मिलेगा और राज्य की हिस्सेदारी भी सुनिश्चित की गई। कांग्रेस की योजना में जहां 15 वर्षों में लगभग 56 हजार करोड़ रुपये का भार पड़ता वहीं भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 16845 करोड़ रुपये कर दिया। इससे राज्य को लगभग 39328 करोड़ रुपये की बचत हुई। राठौड़ ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2023 में रिफाइनरी परियोजना की लागत बढ़ाकर 72937 करोड़ रुपये कर दी, जिसके बाद संशोधित लागत 79459 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान भजनलाल शर्मा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि राजस्थान के हितों के साथ कोई समझौता न हो। भाजपा सरकार ने हमेशा राजस्थान के हितों को सर्वोपरि रखते हुए काम किया है जबकि कांग्रेस ने बंदरबांट की राजनीति की। इस सच्चाई को जनता तक पहुंचाना आवश्यक है।

## दो बार विधायक रहे फूलचंद गुर्जर का निधन, बेटे संतोष गुर्जर का भी पूर्व में हार्ट अटैक से हो चुका है निधन

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** नीमकाथाना से दो बार विधायक रहे फूलचंद गुर्जर का जयपुर में एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया गुर्जर नीमकाथाना से दो बार विधायक रह चुके हैं 1985 से 1990 तक तथा 1990 से 1992 तक नीमकाथाना से विधायक रहे इसके बाद 1993 और 1998 के विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा के पार्टी प्रत्याशी के तौर पर रहे। फूलचंद गुर्जर के पुत्र संतोष गुर्जर पाटन पंचायत समिति के प्रधान रह चुके हैं जिनका पूर्व में हार्ट अटैक से निधन हो चुका है इसके अलावा संतोष गुर्जर की पत्नी भी प्रधान रह चुकी हैं फूलचंद गुर्जर के निधन से नीमकाथाना और आसपास के क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर फैल गई है क्योंकि फूलचंद गुर्जर शुरू में शिक्षक थे बाद में वह सरपंच भी चुने गए और फिर इन्होंने इलाके के किसानों के कल्याण और विकास के लिए खुद को समर्पित कर दिया गुर्जर ने किसान नेता के रूप में अच्छी पहचान बना ली थी फूलचंद गुर्जर के निधन पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ मुख्यमंत्री, भजनलाल शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसदसुमेधानंद सरस्वती ,इत्यादि राजनेताओं ने गहरी संवेदना प्रकट की है। जानकारी के अनुसार फूलचंद गुर्जर का जन्म 1953 में सीकर जिले के मोटू का गांव में हुआ था 1972 से 1978 तक फूलचंद गुर्जर ने जयपुर में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी और 1978 में सरपंच चुने गए इसके बाद गुर्जर किसान की समस्याओं को लेकर संघर्ष करते हुए दिखे जिसकी वजह से प्रदेश के प्रमुख किसान नेताओं में इनकी गिनती होती थी बाद में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनने के बाद भाजपा में इनकी एक अच्छे नेताओं में गिनती होती थी।

## रणथंबोर में प्रियंका गांधी वाड्रा का पारिवारिक भ्रमण, बाघिन रिद्धि का हुआ दीदार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नए साल का जश्न मनाने के लिए विश्व विख्यात रणथंभौर अभयारण्य में आए राहुल गांधी गुरुवारकी सुबह दिल्ली लौट गए लेकिन प्रियंका गांधी उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और वाड्रा परिवार के अन्य पारिवारिक सदस्यों ने रणथंबोर में एक बार फिर से बाघ सफारी का आनंद उठाया इस दौरान बाघिन रिद्धि का दीदार भी हुआ जानकारी के अनुसार रणथंभौर टाइगर रिजर्व में भ्रमण के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा के परिवार की कुल पांच जिप्सियां बुक की गई इन जिप्सी में उनके पति रॉबर्ट वाड्रा बेटी मिराया बेटे रेहान और उनकी मंगेतर का परिवार भी इस भ्रमण में शामिल रहा सफारी के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने जोगी महल और लेक एरिया की प्राकृतिक सुंदरता को निहार करीब ढाई घंटे तक टाइगर सफारी का आनंद लेते हुए परिवार ने रणथंबोर के शांत और रोमांचक वातावरण का अनुभव किया जानकार लोगों का कहना है कि प्रियंका गांधी बचपन से ही रणथंभौर अभयारण्य को काफी पसंद करती रही हैं और यह अभ्यारण प्रियंका गांधी की पसंद का पहला नंबर का पर्यटन स्थल है इसलिए जब भी प्रियंका गांधी को थोड़ा सा भी समय मिलता है तो वह रणथंबोर अभ्यारण के भ्रमण के लिए आ जाती हैं साल में दो या तीन बार उनके यहां अब से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से आना-जाना लगा रहता है और अपनी शादी से पहले और शादी के बाद भी वे लगातार यहां आती रही हैं और अब अपने बच्चों और पति के साथ यहां नियमित रूप से आती रहती हैं जानकारी के अनुसार प्रियंका गांधी के बच्चे भी इस अभयारण्य को काफी पसंद करते हैं।

## नए साल की पार्टी को लेकर विवाद

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** न्यू ईयर की पार्टी शुरू नहीं करने पर उलाहना दी, तो चार युवकों के साथ मारपीट की तथा 20-25 लोग हाथों में सरिया व लाठी लेकर पीछा करते हुए घर तक आ गए और गाली गलौज की। इस आशय का मुकदमा शहर के वार्ड संख्या छह निवासी 45 वर्षीय महिला ने गुरुवार को पुलिस में दर्ज करवाया है। पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शहर के वार्ड संख्या छह निवासी 45 वर्षीय शहनाज पत्नी मकशुद खां की ओर से दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि उसका बेटा जुनैद व रफीक तथा इनके दोस्त अब्दुल, तोहफिक चूरू रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में न्यू ईयर पर आयोजित पार्टी में गए थे। जब कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ, तो इन लोगों ने उलाहना दी। जिस पर आयोजक पुनीत अपने साथी दिलीप सैनी व अन्यों के साथ मिलकर मारपीट की। इसके बाद ये लोग घर के लिए रवाना हो गए, तो पुनीत, दिलीप व राहुल सहित 20-25 अन्य लोग हाथों में सरिया लेकर इन लोगों के पीछे हो गए तथा घर आकर गाली गलौज करने लगे। सूचना पर शहनाज का भाई नदीम मौके पर पहुंचा तथा इन लोगों से समझाइश का प्रयास किया, लेकिन दिलीप ने सरिये से वार कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई सुरेश कुमार कर रहे हैं।

## रूपए उधार मांगे, नहीं दिए तो बाप बेटे ने कर दी धुनाई

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** रुपए नहीं देने पर पिता व पुत्र की ओर से 36 वर्षीय युवक के साथ मारपीट करने का मुकदमा पुलिस में गुरुवार को दर्ज हुआ है। पुलिस ने युवक के पर्चा बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने बताया कि तहसील के गांव कांगड़ निवासी 36 वर्षीय सुल्तानाराम पुत्र सोहनराम जाट ने पर्चा बयान में बताया कि 21 दिसंबर की दोपहर वह खेत से गांव कांगड़ आया था। इस दौरान उसे गांव का महावीर पुत्र सागरमल नायक मिला। महावीर ने उससे रुपए मांगे, तो उसने मना कर दिया, तो महावीर ने उसे देख लेने की धमकी दी। 26 दिसंबर को जब सुल्तानाराम पुनः खेत से गांव आया, तो महावीर और उसका बेटा बाबूलाल पीछे से आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान सुल्तानाराम की मां वहां पहुंच गई, जिस पर पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच एएसआई रामनिवास कर रहे हैं।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मिले प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, नए साल की दी शुभकामना

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शुक्रवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जूली ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें एवं उनके परिवार को नव वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान जूली ने महामहिम के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश की प्रगति आपसी भाईचारे और शांति को लेकर भी चर्चा की। जूली ने कहा कि नया वर्ष प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आए यही हमारी प्राथमिकता और कामना है। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान टीकाराम जूली ने प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर भी विस्तार से बातचीत की अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और विस्तार को लेकर जूली ने गंभीरता से अपनी बात बताई और कहा कि यह अरावली पर्वतमाला सिर्फ पर्वतमाला तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह राजस्थान और कई अन्य राज्यों के लोगों के जीवन और वन्य जीवो के जीवन से सीधी है इसलिए इस पर्वतमाला की हरियाली को बचाना बहुत जरूरी है अन्यथा मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा इसके अलावा जूली ने केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा के बारे में लिए गए फैसले पर भी चिंता जताई और कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान बनी हुई थी इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र के निधन लोग काफी फायदा उठा रहे थे और अपनी रोजी-रोटी चल रहे थे लेकिन इस योजना को सरकार ने कमजोर कर दिया है जूली ने राज्यपाल से अरावली पर्वतमाला मनरेगा इत्यादि के विषय में कांग्रेस पार्टी की ओर से किया जा रहे प्रदर्शन को उचित बताया और कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले में बिल्कुल भी राजनीति नहीं कर रही बल्कि लोगों की भावनाओं को सड़कों पर लाने का प्रयास कर रखी है और अगर अरावली पर्वतमाला परिभाषा को लेकर ठीक तरह से निर्णय नहीं लिया गया और इस पर्वतमाला में अवैध खनन होता रहा तो फिर थार का मरुस्थल तेजी से आगे बढ़ेगा और यहां कई तरह की बड़ी समस्याएं और चुनौतियां हमारे सामने खड़े हो जाएगी लोगों का जीवन और वन्य जीवों का जीवन मुश्किल में पड़ जाएगा द्य

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों से करेंगे संवाद, मदन राठौड़ भी लाइव जुड़ेंगे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज पार्टी के सभी प्रदेश अध्यक्षों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत करेंगे पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद नितिन नवीन आज पहली बार पार्टी के सभी प्रदेश अध्यक्षों से सामूहिक रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत करेंगे इसी क्रम में राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौर भी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नितिन नवीन से बातचीत करेंगे जानकार लोगों का कहना है कि नितिन नवीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकते हैं क्योंकि जब अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तब जेपी नड्डा को भी पहले पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और जेपी नड्डा ने कई दिनों तक अमित शाह का सहयोग करते हुए पार्टी के लिए कार्य किया था अब जिस तरह से जेपी नड्डा पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर तैनात हैं और नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है तो यह माना जा रहा है कि नितिन नवीन अब अगले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे आज पार्टी के सभी प्रदेश अध्यक्षों से उनकी मुलाकात होगी और इस मुलाकात के दौरान नितिन नवीन राज्यवार पार्टी के संगठन में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल करेंगे इसके अलावा पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिएराज्यवार क्या-क्या नवाचार और प्रयोग किए गए हैं उनके बारे में भी सवाल जवाब करके नितिन नवीन अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों को दे सकते हैं इसके अलावा जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं वहां पर सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय बनाए रखते हुए पार्टी के संगठन को मजबूती देने के प्रयासों के अलावा केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार कीऔर के प्रयासों के अलावा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से जारी की गई जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के संदर्भ में भी नितिन नवीन अपनी ओर से आवश्यक टिप्स और दिशा निर्देश दे सकते हैं लेकिन नितिन नवीन काफी युवा है और बहुत कम उम्र में ही उन्हें इतनी बड़ी पार्टी की जिम्मेदारी मिली है इसलिए देश भर के भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं में उत्साह का संचार भी हुआ है इसलिए देशभर में भाजपा के युवा नेताओं को नितिन नवीन अपनी ओर से आवश्यक गाइडलाइन और टिप्स भी दे सकते हैं जानकारी के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज पार्टी के सभी प्रदेश अध्यक्षों से पार्टी से लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने खासतौर से नए युवाओं को पार्टी से जोड़ने की दिशा में पूरी योजना के साथ काम करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे सकते हैं इसके अलावा चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर भी पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों से चर्चा कर सकते हैं इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने अभी मनरेगा को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है तो इस मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों को कांग्रेस के जन आंदोलन का करारा जवाब देने के लिए व्यापक योजना के अनुसार काम करने के लिए कह सकते हैं इसके अलावा कांग्रेस पार्टी वोट चोरी के मुद्दे को लेकर भी देश में आंदोलन करने की बात कह रही है इस विषय को लेकर भी नितिन नवीन पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दे सकते हैं।

## पंचायत और नगर निकाय की चुनाव की तैयारी में राज्य निर्वाचन आयोग, ट्रांसफर के लिए गाइडलाइन

### गृह क्षेत्र में अधिकारियों की नहीं करें पोस्टिंग, 3 साल से एक ही जगह पर पोस्टेड अधिकारियों को हटाया जाए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत और नगर निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह से एक्टिव मोड पर नजर आ रहा है आयोग की ओर से पिछले कुछ दिनों से लगातार इन चुनाव के मध्य नजर आवश्यक दिशा निर्देश और आदेश जारी किए जा रहे हैं आयोग ने अब एक और आदेश जारी किया है जिसमें आयोग ने राज्य सरकार से कहा है कि जो अधिकारी 3 साल से एक ही जगह पर पोस्टेड हैं उनका तबादला किया जाए तथा पंचायत और नगर निकाय चुनाव में गृह क्षेत्र में किसी भी अधिकारी को पोस्टिंग नहीं दी जाए अगर कोई अधिकारी गृह क्षेत्र में पोस्टेड है तो उसका 28 फरवरी तक तबादला किया जाए जानकारी के अनुसार राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस कमिश्नर, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर, पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपयुक्त, जिला कलेक्टर, जिला कलेक्टर अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उप जिला कलेक्टर, जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी, विकास अधिकारी, तहसीलदार इसी तरह से पुलिस अधीक्षक ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सर्किल ऑफिसर, इंस्पेक्टर नगर पालिका और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी, अधिशासी अधिकारी इत्यादि बड़े अधिकारियों को उनके गृह जिले में पोस्टिंग देने से साफ मना किया है निर्वाचन विभाग ने राज्य सरकार से कहा है कि आगामी पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव को देखते थे आयोग की ओर से ट्रांसफर के संदर्भ में जो निर्देश दिए गए हैं उन्हें अमल में लाया जाए तथा जिन अधिकारियों की गृह जिलों में पोस्टिंग हो चुकी है उन्हें 28 फरवरी तक गृह जिले से हटा दिया जाए उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को आगामी अप्रैल तक प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव करवाने के निर्देश दिए हैं इसलिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद प्रदेश के निर्वाचन विभाग ने इन चावन की तैयारी युद्ध के निर्देश दिए हैं इसलिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद प्रदेश के निर्वाचन विभाग ने पंचायत और जिला परिषदों के चुनाव की तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है इसके लिए अभी हाल ही में निर्वाचन विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को मतदाता सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए थे और अब जिस तरह से निर्वाचन विभाग ने ट्रांसफर के संदर्भ में राज्य सरकार को अपनी गाइडलाइन बताई है उसके बाद निश्चित रूप से अब यह तय है कि प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय के चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन विभाग ने कमरकस ली है।

## वाटिका में पैंथर के मूवमेंट से लोगों में दहशत, खेतों में पिंजरा स्थापित करके पैंथर को पकड़ने के प्रयास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के वाटिका क्षेत्र में पिछले दो दिनों से पैंथर के मूवमेंट से स्थानीय लोगों में दहशत छाई हुई है स्थानीय लोग रात को बाकायदा अपने घरों की चौकसी करते हैं दिन में भी पैंथर के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है हालांकि स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस वन विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी पैंथर को पकड़ने का प्रयास भी कर रहे हैं इसके लिए इलाके में कई जगहों पर खेतों में पिंजरा भी स्थापित किया गया है लेकिन खबर लिखे जाने तक पैंथर पकड़ से बाहर था जानकारी के अनुसार दो दिन पहले एक मकान के सीसीटीवी कैमरे में पैंथर का मूवमेंट देखा गया था इसके बाद से ही पैंथर का आसपास के इलाके में विचरण करते हुए लोगों ने देखा है इसलिए वन विभाग की स्पेशल टीम पैंथर को पकड़ने के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास भी कर रही है लेकिन पैंथर को ढूंढ पाना वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है हालांकि पैंथर को पकड़ने के लिए वन विभाग की ओर से इलाके में नए-नए तरीके और नए-नए प्रयोग किया जा रहे हैं कई जगहों पर पिंजरा भी लगाया गया है तथा पिंजरे के पास बकरी को भी बांधा गया है ताकि पैंथर बकरी को देखकर इसका शिकार करने के लिए आ जाए लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भी पैंथर को पकड़ पाना वन विभाग के लिए मुश्किल बना हुआ है उधर पैंथर के पकड़ में नहीं आने से स्थानीय लोग काफी परेशान हैं स्थानीय लोग गली मोहल्ले में सुरक्षा की दृष्टि से खुद निगरानी कर रहे हैं हालांकि पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने भी स्थानीय लोगों को पूरी सावधानी बरतने को कहा है तथा छोटे बच्चे और पालतू जानवरों की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान रखना को भी कहा गया है उल्लेखनीय है कि जयपुर में पैंथर का मूवमेंट स्थानीय लोगों के लिए पिछले कुछ महीनो से बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है जयपुर में कुछ दिन पहले ही कई जगहों पर पैंथर का मूवमेंट देखने को मिला था कई जगहों पर रेस्क्यू करके पैंथर को पकड़ा गया और वापस उसे जंगल में भी भेजा गया लेकिन पैंथर बार-बार जंगल से निकलकर जयपुर की बस्तियों की ओर अपना रुख कर रहे हैं जिसकी वजह से जयपुर में चारों दिशाओं में लोग इन पैंथर के मूवमेंट से काफी परेशान और दहशत में है हालांकि जयपुर में पैंथर के बढ़ते हुए मोमेंट को देखते हुए वन हालांकि जयपुर में पैंथर के बढ़ते हुए मोमेंट को देखते हुए वन विभाग ने प्रत्येक पैंथर की कड़ी निगरानी के लिए कॉलर सिस्टम के माध्यम से उनकी गतिविधियों पर नजर रखने की कार्य योजना पर तेजी से कार्य कर रही है।

## प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 19 हजार मैट्रिक टन यूरिया स्टॉक में उपलब्ध- डॉ किरोड़ी लाल

### सरकार के पास यूरिया खाद का पर्याप्त स्टॉक,बागड़ व मेवाड़ क्षेत्र में यूरिया की मांग से अधिक आपूर्ती

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखते हुए कम उपलब्धता एवं अधिक खपत वाले जिलों एवं ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिक्ता से पारदर्शिता के साथ वितरण करवाया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी एवं जमाखोरी को रोकने के लिए विभाग के अधिकारी प्रदेश भर में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं तथा खाद के अवैध भण्डारण, कालाबाजारी व यूरिया डाइवर्जन के प्रकरणों में व्यापक कार्यवाही की जा रही है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर केंद्र सरकार से समनव्य स्थापित कर प्रदेश की मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ती करवायी जा रही है। वर्तमान में राज्य में यूरिया की कोई कमी नहीं है। उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु रबी 2025 में अक्टूबर से दिसम्बर तक की मांग 11 लाख 34 हजार मैट्रिकटन यूरिया के विरुद्ध 1 अक्टूबर 2025 को उपलब्ध स्टॉक सहित अब तक 14 लाख 10 हजार मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता करवाई जा चुकी है। वर्तमान में राज्य में 1 लाख 19 हजार मैट्रिक टन यूरिया स्टॉक में उपलबध है। उन्होंने बताया कि बांसवाड़ा जिले में अक्टूबर से दिसम्बर तक की मांग 31 हजार 900 मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध अब तक 42 हजार 763 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता करवाई जा चुकी है। जोकि मांग से 34 प्रतिशत अधिक सप्लाई किया जा चुका है और बांसवाड़ा जिले में वर्तमान में 4 हजार 589 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। डूंगरपुर जिले में अक्टूबर से दिसम्बर तक की मांग 6 हजार 700 मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध 8 हजार 65 मैट्रिक टन सप्लाई करवाया जा चुका है जोकि मांग से 20 प्रतिशत अधिक है। डूंगरपुर जिले में वर्तमान में 432 मैट्रिक टन यूरिया उपलबध है। इसी प्रकार उदयपुर जिले में वर्तमान में 2 हजार 169 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। उदयपुर में अब तक 21 हजार मैट्रिक टन यूरिया की मांग के विरुद्ध 28 हजार 332 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता करवाई जा चुकी है जो कि मांग से 35 प्रतिशत अधिक है। राजसमंद में मांग से 40 प्रतिशत और चित्तोडगढ़ में 28 प्रतिशत अधिक सप्लाईडॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि राजसमंद में 6 हजार 600 मैट्रिक टन यूरिया की मांग के विरुद्ध 9 हजार 222 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्ध करवाया जा चुका है, जोकि मांग से लगभग 40 प्रतिशत अधिक सप्लाई की जा चुकी है। वर्तमान में जिले में 810 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।

## कहानी

### शेर, ऊंट, सियार और कौवा

किसी वन में मदोत्कट नाम का सिंह निवास करता था। बाघ, कौआ और सियार, ये तीन उसके नौकर थे। एक दिन उन्होंने एक ऐसे उंट को देखा जो अपने गिरोह से भटककर उनकी ओर आ गया था। उसको देखकर सिंह कहने लगा, 'अरे वाह! यह तो विचित्र जीव है। जाकर पता तो लगाओ कि यह वन्य प्राणी है अथवा कि ग्राम्य प्राणी' यह सुनकर कौआ बोला, 'स्वामी! यह ऊंट नाम का जीव ग्राम्य-प्राणी है और आपका भोजन है। आप इसको मारकर खा जाइए।' सिंह बोला, ' मैं अपने यहां आने वाले अतिथि को नहीं मारता। कहा गया है कि विश्वस्त और निर्भय होकर अपने घर आए शत्रु को भी नहीं मारना चाहिए। अतः उसको अभयदान देकर यहां मेरे पास ले आओ जिससे मैं उसके यहां आने का कारण पूछ सकूं। ' सिंह की आज्ञा पाकर उसके अनुचर ऊंट के पास गए और उसको आदरपूर्वक सिंह के पास ले लाए। ऊंट ने सिंह को प्रणाम किया और बैठ गया। सिंह ने जब उसके वन में विचरने का कारण पूछा तो उसने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह साथियों से बिछुड़कर भटक गया है। सिंह के कहने पर उस दिन से वह कथनक नाम का ऊंट उनके साथ ही रहने लगा। उसके कुछ दिन बाद मदोत्कट सिंह का किसी जंगली हाथी के साथ घमासान युद्ध हुआ। उस हाथी के मूसल के समान दांतों के प्रहार से सिंह अधमरा तो हो गया किन्तु किसी प्रकार जीवित रहा, पर वह चलने-फिरने में अशक्त हो गया था। उसके अशक्त हो जाने से कौवे आदि उसके नौकर भूखे रहने लगे। क्योंकि सिंह जब शिकार करता था तो उसके नौकरों को उसमें से भोजन मिला करता था। अब सिंह शिकार करने में असमर्थ था। उनकी दुर्दशा देखकर सिंह बोला, 'किसी ऐसे जीव की खोज करो कि जिसको मैं इस अवस्था में भी मारकर तुम लोगों के भोजन की व्यवस्था कर सकूं।' सिंह की आज्ञा पाकर वे चारों प्राणी हर तरफ शिकार की तलाश में घूमने निकले। जब कहीं कुछ नहीं मिला तो कौए और सियार ने परस्पर मिलकर सलाह की। श्रृगाल बोला, 'मित्र कौवे! इधर-उधर भटकने से क्या लाभ? क्यों न इस कथनक को मारकर उसका ही भोजन किया जाए? ' सियार सिंह के पास गया और वहां पहुंचकर कहने लगा, 'स्वामी! हम सबने मिलकर सारा वन छान मारा है, किन्तु कहीं कोई ऐसा पशु नहीं मिला कि जिसको हम आपके समीप मारने के लिए ला पाते। अब भूख इतनी सता रही है कि हमारे लिए एक भी पग चलना कठिन हो गया है। आप बीमार हैं। यदि आपकी आज्ञा हो तो आज कथनक के मांस से ही आपके खाने का प्रबंध किया जाए।' पर सिंह ने यह कहते हुए मना कर दिया कि उसने ऊंट को अपने यहां पनाह दी है इसलिए वह उसे मार नहीं सकता। पर सियार ने सिंह को किसी तरह मना ही लिया। राजा की आज्ञा पाते ही श्रृगाल ने तत्काल अपने साथियों को बुलाया लाया। उसके साथ ऊंट भी आया। उन्हें देखकर सिंह ने पूछा, 'तुम लोगों को कुछ मिला? ' कौवा, सियार, बाघ सहित दूसरे जानवरों ने बता दिया कि उन्हें कुछ नहीं मिला। पर अपने राजा की भूख मिटाने के लिए सभी बारी-बारी से सिंह के आगे आए और विनती की कि वह उन्हें मारकर खा लें। पर सियार हर किसी में कुछ न कुछ खामी बता देता ताकि सिंह उन्हें न मार सके। अंत में ऊंट की बारी आई। बेचारे सीधे-साधे कथनक ऊंट ने जब यह देखा कि सभी सेवक अपनी जान देने की विनती कर रहे हैं तो वह भी पीछे नहीं रहा। उसने सिंह को प्रणाम करके कहा, 'स्वामी! ये सभी आपके लिए अभक्ष्य हैं। किसी का आकार छोटा है, किसी के तेज नाखून हैं, किसी की देह पर घने बाल हैं। आज तो आप मेरे ही शरीर से अपनी जीविका चलाइए जिससे कि मुझे दोनों लोकों की प्राप्ति हो सके। ' कथनक का इतना कहना था कि व्याघ्र और सियार उस पर झपट पड़े और देखते-ही-देखते उसके पेट को चीरकर रख दिया।

# आवश्यक है अरावली को बचाना

अरावली करीब दो अरब वर्ष पुरानी भू-वैज्ञानिक प्रणाली है, जो भूजल भरण को नियंत्रित करती है, मरुस्थलीकरण को रोकती है, जलवायु को संतुलित करती है और उत्तर-पश्चिम भारत में लाखों लोगों की आजीविका का सहारा है। इसे केवल ऊंचाई आधारित नियम से परिभाषित करना न केवल वैज्ञानिक रूप से गलत था, बल्कि पारिस्थितिकीय रूप से भी खतरनाक था। जिस समिति की रिपोर्ट पर उक्त आदेश आधारित था, वही समिति स्वीकार करती है कि अरावली परिदृश्य में ढलान और ऊंचाई व्यापक रूप से बदलती रहती हैं। समिति के अनुसार 34 में से 23 अरावली जिलों में औसत ढलान छह डिग्री से कम है, जबकि 12 जिलों में यह तीन डिग्री से भी कम है। रिपोर्ट यह सही निष्कर्ष निकालती थी कि केवल ढाल और ऊंचाई को मानदंड बनाना विसंगति बढ़ाएगा। इसके बावजूद अंतिम सिफारिश में 100 मीटर के प्रविधान को मान्यता दे दी गई थी। यह वैज्ञानिक तर्क और प्रशासनिक विवेक के मूल सिद्धांतों के विपरीत था। भारतीय भू-आकृतिक परिस्थितियों में 100 मीटर ऊंचाई का नियम मनमाना था। अरावली जिलों में औसत ऊंचाई कुछ क्षेत्रों में 100-200 मीटर से लेकर केवल एक जिले में 600 मीटर से अधिक है। इतनी विविधता में एकसमान सीमा लागू करना, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और सर्वे आफ इंडिया के सिद्धांतों के विपरीत है। इसी प्रकार 500 मीटर 'रेंज कनेक्टिविटी नियम' भी



हाल में सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा के संदर्भ में दिए गए अपने ही फैसले पर रोक लगा दी। उस फैसले में सौ मीटर ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली मानने को मंजूरी दे दी गई थी। इसके परिणामस्वरूप कई छोटी, लेकिन पारिस्थितिकीय रूप से महत्वपूर्ण भू-आकृतियां संरक्षण की कानूनी सुरक्षा से बाहर आ सकती थीं। इस पर पर्यावरणीय विरोध और कानूनी प्रश्न उठे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पुराने फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि उसे लागू करने से पहले उसकी वैज्ञानिक, पर्यावरणीय और कानूनी समीक्षा आवश्यक है।

अदालत ने विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव रखा है, ताकि परिभाषा, खनन नियम, संरक्षित क्षेत्र और पारिस्थितिकीय निरंतरता से जुड़े सभी मुद्दों का विस्तृत अध्ययन हो सके। नवीनतम निर्णय इसका संकेत है कि सुप्रीम कोर्ट स्वयं भी मानता है कि पहले के निर्णय के वैज्ञानिक और पारिस्थितिकीय परिणाम संदेहास्पद हैं। 20 नवंबर, 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरावली की एकसमान परिभाषा को स्वीकृति देने वाला आदेश एक लंबे समय से प्रशासनिक स्पष्टता के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था। यह आदेश भारत की सबसे प्राचीन पर्वतमाला की कानूनी और पारिस्थितिकीय सुरक्षा को कमजोर कर सकता था, खासकर तब, जब वह पहले से ही अभूतपूर्व दबाव में है।

अरावली करीब दो अरब वर्ष पुरानी भू-वैज्ञानिक प्रणाली है, जो भूजल भरण को नियंत्रित करती है, मरुस्थलीकरण को रोकती है, जलवायु को संतुलित करती है और उत्तर-पश्चिम भारत में लाखों लोगों की आजीविका का सहारा है। इसे केवल ऊंचाई आधारित नियम से परिभाषित करना न केवल वैज्ञानिक रूप से गलत था, बल्कि पारिस्थितिकीय रूप से भी खतरनाक था। जिस समिति की रिपोर्ट पर उक्त आदेश आधारित था, वही समिति स्वीकार करती है कि अरावली परिदृश्य में ढलान और ऊंचाई व्यापक रूप से बदलती रहती है। समिति के अनुसार 34 में से 23 अरावली जिलों में औसत ढलान छह डिग्री से कम है, जबकि 12 जिलों में यह तीन डिग्री से भी कम है। रिपोर्ट यह सही निष्कर्ष निकालती थी कि केवल ढाल और ऊंचाई को मानदंड बनाना विसंगति बढ़ाएगा।

इसके बावजूद अंतिम सिफारिश में 100 मीटर के प्रविधान को मान्यता दे दी गई थी। यह वैज्ञानिक तर्क और प्रशासनिक विवेक के मूल सिद्धांतों के विपरीत था। भारतीय भू-आकृतिक परिस्थितियों में 100 मीटर ऊंचाई का नियम मनमाना था। अरावली जिलों में औसत ऊंचाई कुछ क्षेत्रों में 100-200 मीटर से लेकर केवल एक जिले में 600 मीटर से अधिक है। इतनी विविधता में एकसमान सीमा लागू करना, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और सर्वे आफ इंडिया के सिद्धांतों के विपरीत है। इसी प्रकार 500 मीटर 'रेंज कनेक्टिविटी नियम' भी चिंताजनक था। इसके अनुसार दो या अधिक पहाड़ियां यदि 500 मीटर के भीतर हों तो उन्हें एक अरावली रेंज माना जाएगा। इसका कोई भू-वैज्ञानिक आधार नहीं और न ही भारतीय पर्वत प्रणाली मानचित्रण में कोई उदाहरण। सबसे अधिक चिंता का विषय यह था कि समिति ने अरावली क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों के खनन की अनुमति का प्रविधान सुझाया था। यह सबसे नाजुक कोर क्षेत्रों में खनन के लिए कानूनी दरवाजा खोल देता। अरावली कम नाजुक नहीं, बल्कि अधिक नाजुक है। अरावली राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और गुजरात में फैली है। इसकी चट्टानें पुरानी और भंगुर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अरावली को बार-बार मरुस्थलीकरण के विरुद्ध एक पारिस्थितिकीय ढाल के रूप में मान्यता दी है। कोई भी परिभाषा जो इस सुरक्षा सीमा को कम करे, वह विज्ञान और न्यायिक परंपरा दोनों के विरुद्ध है। अरावली एक प्राचीन भू-वैज्ञानिक, जल-चक्र और पारिस्थितिकीय प्रणाली है, जो उत्तर-पश्चिम भारत में जलस्रोत, मरुस्थलीकरण नियंत्रण और स्थानीय जीवन को बनाए रखती है। अरावली संकट का समाधान अल्पकालिक प्रशासनिक कदमों से नहीं होगा। इसके लिए स्थायी, विज्ञान-आधारित समाधान आवश्यक हैं। पर्यावरणविद् एक राष्ट्रीय अरावली विकास प्राधिकरण की स्थापना की वकालत करते रहे हैं। पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों जैसे रिज टाप, वनाच्छादित पहाड़ियां और वन्यजीव कारिडोर में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए, किसी भी प्रकार की सार्वभौमिक छूट के बिना, क्योंकि एक बार यदि अरावली का खनन हो गया तो उसे कभी पुनर्स्थापित नहीं किया जा सकता। अरावली को स्थायी कानूनी मान्यता मिलनी चाहिए, चाहे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र के रूप में मिले या फिर भारत की प्राचीन पर्वत विरासत प्रणाली के रूप में एक नई कानूनी श्रेणी बनाकर। अरावली केवल ऊंचाई से परिभाषित नहीं हो सकती। यह एक भू-वैज्ञानिक, जलवैज्ञानिक और पारिस्थितिकीय प्रणाली है, जो उत्तर-पश्चिम भारत को संभालती है।

## सम्पादकीय

### सबसे स्वच्छ शहर में जहरीला पानी, इंदौर ने फिर याद दिलाया



वह अपने आप में विचित्र और अफसोसनाक है कि जिस शहर को पिछले कई वर्षों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा मिल रहा हो, वहां दूषित पेयजल के सेवन से लोगों के मरने की खबरें आती हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत हो गई और करीब दो सौ लोगों को अस्पताल भर्ती होना पड़ा। खबरों के मुताबिक, भागीरथपुरा में नर्मदा नदी की पाइपलाइन में गंदा पानी मिल गया, जिससे पानी दूषित हो गया। लोगों ने इस पानी का सेवन शायद इसलिए भी कर लिया कि साफ और गंदे पानी में फर्क करना मुश्किल हो गया था।

सवाल है कि अगर आम लोग पेयजल के लिए पानी की आपूर्ति पर निर्भर हों, तो उनके पास गंदा और दूषित पानी पहुंचने की जिम्मेदारी किसकी है। लोगों की मौत के मामले के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने गलती मानते हुए आनन-फानन में कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही, लेकिन यह साफ है कि संबंधित महकमों की नींद तभी खुलती है, जब कोई बड़ा नुकसान हो चुका होता है।

यों, देश भर में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार का दायित्व है, लेकिन ऐसा लगता है कि आम लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है और इस क्रम में उनकी सेहत के साथ क्या होता है, इसकी परवाह शायद किसी को नहीं है। खबरों के मुताबिक, दूषित पेयजल की मार से प्रभावित इलाके में स्थानीय लोगों ने पिछले डेढ़ वर्ष से इससे होने वाली परेशानी और शिकायत के बावजूद सुनवाई न होने की बात कही। मगर सरकार के कामकाज की शैली का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पेयजल में दूषित पानी मिलने के बाद जब लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी, तब भी अगले कई दिन तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

इसके अलावा, पीने के पानी के पाइप लाइन से अलग गंदे पानी के निकासी की लाइन को सुरक्षित मानकों तक दूर रखने की व्यवस्था नहीं की गई, तो इसकी क्या वजह हो सकती है? क्या यह सिर्फ अक्षम अधिकारियों की अदूरदर्शिता का मामला है या फिर जानबूझ कर की गई अनदेखी का? इस तरह की लापरवाही का इलाज सिर्फ कुछ औपचारिक कदम नहीं हैं, बल्कि इसके लिए सभी स्तर पर सजगता और जिम्मेदारी की जरूरत है।

विडंबना यह है कि सरकार का मकसद प्रचार के लिए किसी शहर की स्वच्छता के तमगे हासिल करना रह गया लगता है। सबसे स्वच्छ शहर कहे जाने वाले इंदौर में अगर कुछ लोगों को जहरीला पानी पीने पर मजबूर होना पड़ा, तो इस विरोधाभासी हकीकत की पड़ताल करने की जरूरत है कि ऐसे तमगे जारी किए जाने के पैमाने क्या हैं? पीने का पानी सबसे बुनियादी जरूरत है, जिसके बिना ज्यादा वक्त तक नहीं रहा जा सकता।

सरकार देश भर में हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना के तहत सबको स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने का दावा करती है। मगर इस दावे की हकीकत अक्सर सामने आती रहती है

# आर्थिक मोर्चे पर अच्छी संभावनाएं

एक अप्रैल से लागू किया जाने वाला नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं के बदलाव ही नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था के कायापलट के साथ आर्थिकी को आगे बढ़ाया है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। इससे मांग बढ़ेगी और निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती का जो सिलसिला शुरू किया, उसके इस साल भी जारी रहने के ही आसार हैं। इससे भी मांग और खपत में तेजी आएगी। वैश्विक वित्तीय सलाहकार फर्म ग्लोबल वेल्थ मैनेजर की नई रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2026 खपत के स्तर में सुधार के मामले में भारत दुनिया का सबसे आकर्षक बाजार होगा। बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, बुनियादी ढांचा, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति के कारण देश में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर 2025 के

नए साल 2026 की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाशित विभिन्न वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों के अनुसार नव वर्ष भारत के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाओं वाला होगा। केयर एज रेटिंग्स के अनुसार आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। ऐक्सिस बैंक की रिपोर्ट के अनुसार आगामी वर्ष में भारत की विकास दर 7.5 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर पहुंचती दिख सकती है। जहां भारत वर्ष 2025 में 4.18 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की जीडीपी के साथ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिकी बन गया है। नए साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर आगे बढ़ेगा। वैश्विक निवेश फर्म इन्वेसको का कहना है कि इस साल भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति कायम रखेगा। हालांकि वैश्विक आर्थिक अनिश्चिताओं के बीच भारत को आर्थिक और वित्तीय सुधारों को गति भी देनी होगी।



नए वर्ष में घरेलू बाजार की मजबूती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत आधार बनी रहेगी। इस दौरान भारत का घरेलू बाजार 10 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष 2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डालर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। 2026 में महंगाई घटने, टैक्स सुधार और ब्याज दर में कमी से घरेलू बाजार को रफ्तार से बढ़ने के आधार मिलेंगे। रिजर्व बैंक का कहना है कि 2026 में महंगाई में नरमी बनी रहेगी। गत वर्ष जीएसटी की दरों में सुधारों की जो पहल शुरू हुई है, उसके फल इस साल और व्यापक रूप से मिलने शुरू होंगे। नए वर्ष में मनेरगा की जगह लागू वीबी-जी राम जी से भी ग्रामीण रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। एक अप्रैल से लागू किया जाने वाला नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं के बदलाव ही नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था के कायापलट के साथ आर्थिकी को आगे बढ़ाया है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। इससे मांग बढ़ेगी और निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती का जो सिलसिला शुरू किया, उसके इस साल भी जारी रहने के ही आसार हैं। इससे भी मांग और खपत में तेजी आएगी। वैश्विक वित्तीय सलाहकार फर्म ग्लोबल वेल्थ मैनेजर की नई रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2026 खपत के स्तर में सुधार के मामले में भारत दुनिया का सबसे आकर्षक बाजार होगा। बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, बुनियादी ढांचा, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति के कारण देश में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच जीएसटी संग्रह गत वर्ष की इसी अवधि से बढ़कर 14.75 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिसंबर तक 8.44 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं।

भारत द्वारा ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते इस साल अमल में आएंगे। साथ ही अमेरिका, यूरोपीय संघ, पेरू, चिली, आसियान, मेक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

# इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत

देश के सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर में दूषित पेयजल से 14 लोगों की मौत हो जाना बहुत ही आघातकारी और शर्मनाक घटना है। यह स्वच्छता के मानकों पर सवाल खड़े करने के साथ ही नगर निगम के नाकारापन को बयान करने वाली एक ऐसी घटना है, जो देश की छवि भी मलिन कर रही है। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल की आपूर्ति इसलिए जानलेवा साबित हुई, क्योंकि सीवर की गंदगी पीने की पाइपलाइन में चली गई और फिर वह घरों तक पहुंच गई। यदि दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर तत्काल ध्यान दिया गया होता तो इस भयावह त्रासदी को रोका जा सकता था, लेकिन जैसा कि अपने देश में होता है, गंदी जलापूर्ति की शिकायतों पर तब तक ध्यान नहीं दिया गया, जब तक लोग मरने नहीं लगे। 14 लोगों की मौत और एक हजार से अधिक लोगों के बीमार होने और इनमें से सौ से ज्यादा लोगों के अस्पताल में भर्ती होने से यह सहज ही समझा जा सकता है कि कितने अधिक जहरीले जल की आपूर्ति हो रही थी। यह आपूर्ति इंदौर के उस इलाके में हो रही थी, जो नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का निर्वाचन क्षेत्र है और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग उनके ही मंत्रालय के तहत आता है। जब मंत्री महोदय से इस हत्यारी लापरवाही पर सवाल किए गए तो उन्होंने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए ऐसे सवालों को फोकट का बता दिया। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि चौतरफा आलोचना से घिरने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने खेद जता दिया, क्योंकि उनकी वह संवेदनहीनता तो प्रकट हो ही गई, जो ऐसी घटनाओं का कारण बनती है। यह भी संतोषजनक नहीं कि इंदौर नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया, क्योंकि एक तो निलंबन कोई सजा नहीं और दूसरे, इसमें संदेह है कि ऐसे उपाय किए जा सकेंगे, जिससे फिर कभी दूषित जलापूर्ति न हो सके। यह समझा जाए तो अच्छा कि स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति केवल इंदौर नगर निगम को ही सुनिश्चित नहीं करनी, क्योंकि देश में आम तौर पर पेयजल की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं। इसका प्रमाण यह है कि लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ आदि का सहारा लेना पड़ता है या फिर पीने का पानी खरीदना पड़ता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि एक ओर जहां पेयजल की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी होती है, वहीं दूसरी ओर और टूटी-फूटी पाइपलाइनों की सुधि मुश्किल से ही ली जाती है। इसका परिणाम यह है महानगरों तक में गुणवत्ताहीन पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके चलते प्रति वर्ष टाइफाइड, हेपेटाइटिस और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के लाखों मामले सामने आते हैं। यह तथ्य नीति आयोग के समग्र जल प्रबंधन सूचकांक का है कि भारत में सुरक्षित पेयजल के अभाव में हर साल लगभग दो लाख लोग जान गंवाते हैं।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई, 2 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सरदार पटेल मार्ग, एसएमएस, ट्रोमा, जय क्लब, टोंक रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 2 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सरदार पटेल मार्ग, एसएमएस, ट्रोमा, जय क्लब, टोंक रोड़ से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 2 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया। दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम की ओर से मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर में मानस पाटोत्सव व पोषबड़ा महोत्सव आज

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर में 13वां अखंड रामचरित मानस पाटोत्सव व पोषबड़ा महोत्सव का भव्य आयोजन आज किया जाएगा। आयोजन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए पंगत प्रसादी की विशेष व्यवस्था रहेगी। महोत्सव के दौरान भजन सम्राट संत श्री प्रकाश दास जी महाराज की ओर से भजनों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे भक्तिमय वातावरण बनेगा। वहीं उज्जैन के प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से आकर्षक फूल बंगला की झांकी सजाई जाएगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस अवसर पर समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी डॉक्टर शंकर लाल सैनी तथा मोहन चौधरी दुदाला, रेनवाल मांजी की ओर से पुलिस अधीक्षक गोवर्धन लाल सौकरिया जी को कार्यक्रम में पधारने के लिए विधिवत निमंत्रण दिया गया। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।




## शीशम के पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, सनसनी फैली

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के राजाखेड़ा थाना इलाके के गांव गनहैदी और नयापुरा के पास बने धर्मकांटे के पास एक शीशम के पेड़ से लटककर फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली, मामले की सूचना राजाखेड़ा थाना पुलिस को दी जिसने शव को कब्जे में लेकर राजाखेड़ा शहीद राघवेंद्र सिंह परिहार स्वास्थ्य केंद्र राजाखेड़ा की मोर्चरी में रखवाया, परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। राजाखेड़ा थाने के हेड कांस्टेबल जालिम सिंह ने बताया भूप सिंह कुशवाहा पुत्र बाबू उम्र 50 वर्ष निवासी नयापुरा, इरादतनगर जिला आगरा ने गांव के पास राजस्थान की सीमा गनहैदी और नयापुरा के बीच धर्म कांटे के पास खेती-बाड़ी का काम करता था। राजस्थान सीमा पर शीशम के पेड़ से लटककर जीवनलीला समाप्त कर ली जिसकी मौत की सूचना मिली,जिसके आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव को कब्जे में लेकर राजाखेड़ा के शहीद राघवेंद्र सिंह परिहार स्वास्थ्य केंद्र की लाया गया। जिसका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक अपने पीछे पांच पुत्र व एक पुत्री छोड़कर गया है जिन में तीन पुत्रों की अभी तक शादी नहीं हुई है. जो गांव में ही खेती करते है पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।



**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क.सं. 1 खेतड़ी जिला झुंझुनूं राजस्थान**

क्रमांक 40/ दिनांक-5/12/2025

**इश्तिहार आम**

नाम न्यायालयः अपर जिला न्यायाधीश क्र.सं. 1 खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
पीठासीन अधिकारी श्री प्रेम सिंह धनवाल जिला न्यायाधीश संवर्ग
दीवानी मु.नं.27/2025 आवेदन पत्र बाबत लैटर ऑफ प्रोबेट अन्तर्गत
धारा 222 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 वसीयत दिनांक 28.10.2008 मृतक मालीराम शर्मा

उनवान मुकदमा 1 महेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मालीराम शर्मा उम्र 62 वर्ष जरिये मुख्तयार नरेश चन्द शर्मा पुत्र श्री मालीराम शर्मा निवासी बीलवा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
2. नरेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री मालीराम शर्मा उम्र 54 वर्ष निवासी बीलवा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज. मो.नं. 9871056691

**आवेदकगण**

**बनाम**

1. श्रीमती अन्जना शर्मा पुत्री स्व. मालीराम शर्मा पत्नी निशिकान्त शर्मा उम्र 53 वर्ष निवासी हाल आबाद केयर ऑफ डी एस एण्टरप्राईजेज माकुम रोड़, यूको बैंक बिल्डिंग तिनसुकिया. आसाम पिन 786146 मो. नं. 9435135742
2. श्रीमती अर्चना शर्मा पुत्री स्व. मालीराम शर्मा पत्नी विजय शर्मा उम्र 51 वर्ष हाल आबाद एल 1/15 तृतीय फ्लोर एल आई सी फ्लेटस विद्याधर नगर जयपुर (राज.) पिन- 302039 मो.नं. 9588048462
3. श्रीमती अनुश्री शर्मा पुत्री स्व. मालीराम शर्मा पत्नी सुभाष शर्मा उम्र 49 वर्ष निवासी हाल आबाद डी. एल. 164 द्वितीय फ्लोर सेक्टर 2, साल्ट लेक सिटी.. कोलकता 700091 मो. नं. 9831837528
4. भूमि धारक जरिये तहसीलदार खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
5. हर आम व खास

**अनावेदकगण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदकगण ने अपने पिता मृतक मालीराम शर्मा के द्वारा लिखी गई वसीयत दिनांक 28.10.2008 का प्रोबेट जारी कर ग्राम बीलवा में स्थित अचल सम्पति भूमि हाल खाता सं. 30 में स्थित ख.नं. 316 रकबा 0.02 हैक्टर ख. नं. 317 रकबा 3.01 हैक्क्टर कुल किता 2 कुल रकबा 3.03 हैक्टर में 1/4 हिस्सा में आवेदक सं. 1 का 1/2 हिस्सा व आवेदक सं. 2 का 1/2 हिस्सा का व ग्राम बीलवा में स्थित अचल सम्पति भूमि हाल खाता सं. 179. में स्थित खं.नं. 477 रकबा 221 हैक्टर में 1/2 हिस्सा में आवेदक सं. 1 का 1/2 हिस्सा व आवेदक सं. 2 का प्रोबेट जारी करवाने के लिये आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः सभी संबंधित हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त आवेदक व अनावेदकगण के अतिरिक्त किसी भी शख्स को ऐतराज हो तो वह स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से दिनांक. 06/02/26 को प्रातः 10.30 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित हो जाये अन्यथा प्रोबेट जारी कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 5/12/25 का हमारे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,**
**क.सं. 1 खेतड़ी जिला झुंझुनूं राजस्थान**

# जनसुनवाई में उठा स्कूल और रेल सुविधाओं का मुद्दा, सांसद ने दिए समाधान के संकेत

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक(निस)।** कस्बे के नगर पालिका सभागार में बुधवार को जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान शिक्षा, सड़क, रेलवे और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई अहम मुद्दे सामने आए, जिन पर सांसद ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नौरंगपुरा गांव के ग्रामीणों ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित स्टेट हाईवे-2 दूदू-सांभर-भाटीपुरा के एलाइनमेंट पर गहरी आपत्ति जताई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान प्रस्तावित मार्ग गांव के सरकारी विद्यालय के बेहद नजदीक से गुजर रहा है, जिससे विद्यालय के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। इससे न केवल भवन को नुकसान पहुंचने की आशंका है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और भविष्य भी प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विद्यालय जैसे संवेदनशील संस्थान को बचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने मांग की कि हाईवे का मार्ग इस प्रकार बदला जाए, जिससे स्कूल सुरक्षित रहे और शैक्षणिक माहौल प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने यह भी अवगत कराया कि इस संबंध में पूर्व में उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। मामले की गंभीरता को समझते हुए सांसद राव राजेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बच्चों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देश देने की बात कहते हुए कहा कि वैकल्पिक एलाइनमेंट पर गंभीरता से विचार किया जाएगा, ताकि विकास कार्य भी बाधित न हों और गांव का सरकारी विद्यालय भी पूरी तरह सुरक्षित रहे। सांसद के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने संतोष जताया और शीघ्र समाधान की उम्मीद व्यक्त की। इधर, नगर पालिका सांभरलेक में आयोजित दूसरी जनसुनवाई में भी सांसद राव राजेंद्र सिंह के साथ पूर्व विधायक निर्मल कुमावत एवं भाजपा जयपुर जिला देहात अध्यक्ष राजेश गुर्जर मौजूद रहे। इस दौरान नागरिकों ने क्षेत्र की रेल सुविधाओं को लेकर भी अपनी मांगें रखीं। मनोहरलाल कुमावत, मनीष कुमावत, नासिर खान सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि फुलेरा-जयपुर शटल ट्रेन को डेगाना तक बढ़ाया जाए, दिल्ली-जैसलमेर ट्रेन सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का सांभरलेक में ठहराव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सांभरलेक एक प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल है, इसके बावजूद यहां रेल सुविधाएं सीमित हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सांसद ने रेल संबंधी मांगों को भी उचित बताते हुए कहा कि वे इस विषय को रेलवे मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखेंगे, ताकि क्षेत्र को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिल सके। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे और उन्होंने उम्मीद जताई कि सांसद के हस्तक्षेप से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान निकल सकेगा।

## सांगानेर में तेंदुए का आतंक, वन विभाग ने पिंजरा (ट्रैप) लगाया

जयपुर टाइम्स




**सांगानेर(निस)।** सांगानेर क्षेत्र में इन दिनों तेंदुए की दहशत से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। वाटिका क्षेत्र बद्रीवाली ढाणी के मोहनपुरा इलाके में पिछले कई दिनों से तेंदुए की लगातार आवाजाही देखी जा रही है। रिहायशी क्षेत्र के नजदीक लेपर्ड की मौजूदगी की पुष्टि होते ही ग्रामीणों और कॉलोनीवासियों में चिंता बढ़ गई है। लोग शाम ढलते ही अपने घरों में सिमटने को मजबूर हैं और बच्चों को बाहर निकलने से रोका जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। लेपर्ड की लोकेशन ट्रेस होने के बाद वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। विभाग की ओर से तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए मोहनपुरा क्षेत्र बद्री वाली ढाणी वाटिका में पिंजरा (ट्रैप) लगा दिया गया है। इसके साथ ही वन विभाग की टीमें अलग-अलग समूहों में बंटकर क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही हैं, ताकि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। वन अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। खासकर रात के समय सतर्क रहने, पालतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को कर पिंजरा लगा दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी आसपास के जंगलों से वन्यजीवों की हलचल देखी जाती रही है, लेकिन रिहायशी इलाके में तेंदुए का इस तरह घूमना पहली बार देखा गया है। वन विभाग का दावा है कि जल्द ही तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

## धर्म, अध्यात्म और सामाजिक कार्यों के साथ बढ़ेगी जयपुर की राजनीति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर की नवगठित जिला कार्यकारिणी का जिला कार्यालय में ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच भव्य व ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन में नई जिम्मेदारी संभालने वाले पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने जिला अध्यक्ष अमित गोयल का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की, वहीं भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से गूंज उठा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित गोयल के साथ उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के प्रति आभार व्यक्त किया। उनके मार्गदर्शन को संगठन की शक्ति बताया। जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि नवगठित जिला कार्यकारिणी संगठन को नई दिशा, नई सोच और नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में पार्टी के कार्यक्रमों, अभियानों और चुनावी तैयारियों को और अधिक मजबूती मिलेगी। गोयल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जयपुर शहर की राजनीति अब धर्म, अध्यात्म, आधुनिकता और सामाजिक समरसता के मूल सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पूरी शक्ति और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। पार्टी जीत का परचम लहराएगी।

### सरकार की 2 साल की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंच जाएंगे:

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने अपने 2 साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर उसकी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2028 में प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। पार्टी शहर में नशा मुक्ति अभियान चलाएगी। जिला अध्यक्ष ने यह भी घोषणा की कि संगठन की ओर से सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए स्वप्रेरणा से नशा मुक्ति अभियान जैसे सकारात्मक सामाजिक कार्य भी चलाए जाएंगे। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने एक स्वर में जिला अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम को वे पूरी निष्ठा, अनुशासन और परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ सफल बनाएंगे।

## अम्बेडकर की फोटो पर कालिख पोतकर सोशल मीडिया पर फैलाने वाले को गिरफ्तार करने की मांग, प्रदर्शन किया



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गत दिनों सोशल मीडिया पर लाइव आकर डॉ भीमराव अम्बेडकर व अनुसूचित जाति व जनजाति के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में समाज के लोग शुक्रवार को लामबद्ध हो गए। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दर्जनों लोग लिंक रोड स्थित गैस एजेंसी के पास एकत्रित हुए तथा वहां से नारेबाजी करते हुए पुलिस थाना पहुंचे, जहां पर प्रदर्शन कर सीआई गौरव खिड़िया से आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल ने बताया कि 29 दिसंबर को तहसील के गांव जांदवा निवासी एक युवक की ओर से सोशल मीडिया पर लाइव आकर डॉ अम्बेडकर एवं अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपमानित किया था, जिससे समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 31 दिसंबर को उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार को ज्ञापन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, जिससे समाज के लोगों में आक्रोश है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने और गिरफ्तारी के बाद आरोपी की शहर में परेड निकलवाने की मांग की है। सीआई खिड़िया ने आक्रोशित लोगों से समझाइश करते हुए शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। साथ ही आरोपी के खिलाफ राजलदेसर थाने में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दी, जिसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने किया राष्ट्रीय महिला कला शिविर का शुभारंभ

## अंग्रेजों ने हस्तकलाओं और घरेलू उद्योगों को नष्ट करने का कार्य किया ताकि देश सदा गुलाम बना रहे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में दृश्यकला विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय महिला लोक कला शिविर का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने इस दौरान देश के विभिन्न प्रांतों से आई कलाकारों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारी हस्तकलाओं, चित्रकला आदि से जुड़े कुटीर और घरेलू उद्योग बंद किए। उन्होंने महात्मा गांधी का संदर्भ देते हुए कहा कि घरेलू उद्योग बंद कर लोगों को भूखे रहने पर इसलिए मजबूर किया गया कि देश की संस्कृति को जड़ से समाप्त कर दिया जाए और लोग सदा गुलाम बने रहे। राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों को यह बात मालूम नहीं थी कि कपास से कपड़ा बनता है। भारत में आकर उन्होंने यह जाना। उन्होंने अजंता की चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए कहा कि सातवीं सदी में हमारे यहां जहाज के चित्र मिले हैं। हमारे यहां ऐसी कलाकृतियां बनती थी जिनके रंग कभी फीके नहीं पड़ते थे। उन्होंने कहा कि भारतीय कलाओं से प्रेरणा लेकर ही पश्चिम के देशों ने बहुत से आविष्कार किए, हमारी कला और कारीगरी को लूट ले गए पर हमारे पारंपरिक कलाकारों ने कलाओं को सदा जीवित रखा है। इसलिए पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। राज्यपाल बागडे ने कहा कि लोक कलाएं और शिल्प स्थान विशेष की संस्कृति और जीवन को प्रतिबिंबित करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान कलाओं का गढ़ रहा है। उन्होंने महिला चित्रकला और शिल्प शिविर को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे कला शिविर पारंपरिक कलाओं के संरक्षण के साथ इनसे जुड़ी आधुनिक कला दृष्टि से विद्यार्थियों को जोड़ते हैं। राज्यपाल बागडे ने आरम्भ में राष्ट्रीय महिला कला शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कला शिविर के अंतर्गत लगाए गए लोक कला स्टॉल का भी अवलोकन किया। उन्होंने बिहार, ओडिसा, पश्चिम बंगाल आदि से आए लोक कलाकारों की कला के बारे में भी जानकारी ली। कला शिविर में देश के विभिन्न राज्यों की 32 महिला कलाकार भाग ले रहीं हैं।

## स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्र में किया श्रमदान, लिया आध्यात्मिक संदेश

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जी.एच.एस. महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों की ओर से गोद लिए हुए गांव आसोटा के मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा इसके उपरांत आध्यात्मिक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व व नैतिक मूल्यों का संवर्धन करना रह। कार्यक्रम का संचालन प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी हरिलाल जांगिड व इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी दिव्या जांगिड के मार्गदर्शन में किया गया। स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर, प्रांगण व आसपास के क्षेत्र में सफाई कार्य कर स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया। इस अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' एवं पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरक संदेश भी दिए गए। स्वच्छता गतिविधि के बाद आयोजित आध्यात्मिक सत्र में उपस्थित साधु-संतों ने जीवन में अनुशासन, सेवा भाव, सकारात्मक सोच व नैतिक आचरण के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने ध्यान व प्रार्थना के माध्यम से आत्मिक शांति और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सेवा कार्य नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक नागरिक तैयार करना है। अंत में सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता व सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता वर्धन कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बाडी प्रयत्न संस्था की कवच परियोजना के तहत आज ब्लॉक व सेक्टर लेवल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक बाडी के तीन केंद्रों पर कुल 114 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें ब्लॉक मुख्यालय बाडी में 58, खानपुर में 30 तथा चिलाचौंद क्लस्टर पर 26 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में आंगनबाड़ी सेवाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें संस्था के ब्लॉक कार्यकर्ता रामबरन गोस्वामी ने स्पष्ट किया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चे को 0 से 6 वर्ष की आयु का माना जाता है तथा इस संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों का ढांचा, ढ्ढष्टष्ठस्न योजना की छह सेवाएं - पूरक पोषण, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, रेफरल सेवाएं, गैर-औपचारिक शिक्षा एवं बाल देखभाल, निबंधन प्रक्रिया तथा बच्चों के बाल अधिकारो पर जानकारी दी गई। साथ ही समाज में व्याप्त को कुप्रथाओं जैसे बाल विवाह ,बालश्रम, नशीले पदार्थ का सेवन आदि से बचाव हेतु जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। इस पर सभी कार्यकर्ताओं में सेवाओं की गहरी समझ बनी।कार्यक्रम का समापन बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ के साथ हुआ। सभी ने अपने-अपने गांवों में सख्त निगरानी रखकर पूर्ण पाबंदी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में प्रयत्न संस्था से जिला परियोजना अधिकारी रजनी जैन, जिला बाल संरक्षण अधिकारी विजेंद्र कटारिया , कोऑर्डिनेटर रामबरन गोस्वामी, सेक्टर की सुपरवाइजरस और सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रयत्न संस्था के इस प्रयास से ग्रामीण स्तर पर बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।आयोजन ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अधिक सक्षम बनाया, जो समुदाय के लिए वरदान सिद्ध होगा।

# अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नई इबारतः पोदार ट्रस्ट करेगा 'द्वितीय डेस्टिनेशन नवलगढ़' कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में भारतीय संस्कृति, इतिहास और उद्यमिता को वैश्विक पटल पर स्थापित करने की दिशा में एक और उत्कृष्ट पहल करते हुए, दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा अपने प्रतिष्ठित 'द्वितीय डेस्टिनेशन नवलगढ़' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं।इस वर्ष, संयुक्त राज्य अमेरिका के ईस्ट टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी (ETSU) से 34 छात्र और 10 प्रोफेसरों का एक बड़ा दल 1 जनवरी से 16 जनवरी, 2026 तक दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों नवलगढ़ झुंझुनूं का भ्रमण करने पधार रहा है। गौरतलब हैं कि पिछले वर्षों की सफलताओं को दोहराते हुए जब 12 छात्रों और 4 प्रोफेसरों ने भाग लिया था इस बार




इनकी भागीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 16 दिवसीय इस कार्यक्रम में श्वझ्र के छात्र दो विशेष कोर्स पर गहन शैक्षणिक सत्र लेंगे -- सस्टेनेबिलिटी और सोशल एंटरप्रेन्योरशिप और भारतीय इतिहास और संस्कृति।

छात्र न केवल पेशेवर प्रशिक्षकों से ज्ञान प्राप्त करेंगे बल्कि वे दोनों कोर्स के विषयों पर प्रोजेक्ट वर्क भी करेंगे और अपने सुझावों के साथ प्रभावशाली प्रेजेंटेशन देंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को उनके सफलतापूर्वक किए गए कार्य के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। एकेडमिक्स के साथ-साथ छात्रों को राजस्थान की जीवंत कला और संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिलेगा। वे विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लेंगे और योग और प्रामाणिक भारतीय खाना, फ्रेस्को पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी, और पॉटरी, पारंपरिक नृत्य, कठपुतली कला, और ऊंट की सवारी, साड़ी और पगड़ी पहनना (भारतीय वेशभूषा का अनुभव) आदि जानकारी भी लेंगे।

इस अनूठे कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रिषिका पोदार ने कहा कि यह कार्यक्रम राजस्थान में एक अनूठी पहल है। 'डेस्टिनेशन नवलगढ़' के माध्यम से दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट न केवल भारतीय संस्कृति और पर्यटन को विदेशों में बढ़ावा दे रहा है, बल्कि यह क्षेत्र की स्थानीय कला, कारीगरों और अर्थव्यवस्था को भी एक महत्वपूर्ण वैश्विक मंच और प्रोत्साहन प्रदान करता है।'

पोदार एजुस्पेस के सीओओ एवं सह-संस्थापक वेदांत पोदार ने इस पहल को संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि पोदार ट्रस्ट इस प्रकार के इनोवेटिव कार्य के माध्यम से विदेशी विद्यार्थियों को भारत की सच्ची भावना और ज्ञान को जानने का अवसर प्रदान कर रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के पोदार ने इस आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पोदार ट्रस्ट का मूल उद्देश्य हमेशा से शिक्षा और सामाजिक उत्थान रहा है। 'डेस्टिनेशन नवलगढ़' कार्यक्रम 'वसुधैव कुटुम्बकम' की हमारी भारतीय विचारधारा का जीवंत उदाहरण है। हम मानते हैं कि भारत न केवल इतिहास, बल्कि सस्टेनेबिलिटी और सोशल एंटरप्रेन्योरशिप जैसे भविष्य के विषयों में भी विश्व को दिशा दे सकता है। श्वझ्र के छात्रों का यह बढ़ता हुआ दल इस बात का प्रमाण है कि भारतीय ज्ञान और संस्कृति की वैश्विक मांग बढ़ रही है। हम भविष्य में ऐसे और अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक आदान- प्रदान कार्यक्रमों के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो भारत को 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित करने में सहायक होंगे।'

दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ की ओर से आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम नवलगढ़ को वैश्विक शैक्षिक और सांस्कृतिक मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## श्री गणेश मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के मुख्य बाजार स्थित श्री गणेश मंदिर में वर्ष 2025 के अंतिम बुधवार को दर्शन करने पहुंचे। पुजारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बुधवार को मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया जिसमें महंत अरूण गौड़ श्री नरसिंह भैरव धाम की मंदिर परिसर की टोली शामिल होंगी जिसमें साज-बाज भी शामिल होंगे। श्री गणेश जी महाराज के लिए स्पेशल हाथों की बनावट के साथ साक्षी शर्मा, सुजल शर्मा ने भेंट किया। महाआरती में पुजारी अनुप वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, मुरली मनोहर चोबदार, दीपक सराफ, अभिषेक जांगिड़, सुभाष, आशुतोष शर्मा, कान्हा,भरत शर्मा, दलीप, लाला शर्मा, चिंटू, दीपक सोनी, राजेश टेलर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मोजूद रहें।

## श्री श्याम बाबा की भजन संध्या आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 10 स्थित मेड़तिया भवन में श्री श्याम महिला मण्डल परिवार मण्डावा के तत्वावधान में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजिका उमा हेमाणी के नेतृत्व में श्री श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित व विशेष पूजा अर्चना की गई । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका सरोज मोदी ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'हारे का सहारा श्याम हमारा' जैसे भजनों पर श्रोता झूमते नजर आए। श्री श्याम परिवार के सदस्य नरेन्द्र सिंह मेड़तिया व उनकी पत्नी कार्यक्रम के मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने श्री श्याम परिवार के इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे मण्डावा क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बताया। इस धार्मिक कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मंडावा में दिखा पुलिस का दूसरा रूप, गौशाला में डलवाया हरा चारा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल विक्रम सिंह, अमरसिंह और राजेंद्र कुमार ने कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति में गौवंश के लिए हरा चारा डलवाया। समिति अध्यक्ष किशोर सिंह ने बताया कि मंडावा पुलिस थाने में तैनात विक्रम सिंह, अमर सिंह और राजेंद्र कुमार ने गौसेवा की मिशाल पेश करते हुए पुलिस का नया चेहरा दिखाया है। जहा लोग पुलिस को देखकर डरते है वही इन लोगों ने पुलिस का बेजुबान जानवर के लिए प्रेम दिखाया है जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। इस अवसर पर रविंद्र शर्मा, जेपी सोनी, वंश माथुर, गजेंद्र, बजरंग लाल, मोहनलाल, मनीष आदि उपस्थित रहे।

## महावीर ढाका को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाने पर प्रसन्नता



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)** मिठवास निवासी भाजपा नेता महावीर ढाका को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर शुक्रवार को मीठवास व कुमास सहित विभिन्न गावों में माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मण्डावा पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास, अलसीसर पंचायत समिति सदस्य मनोज कालेर, नितेश खीचड़, संजीव महला, दिनेश जांगिड़, राजकुमार झटावा, बजरंगलाल पुनिया, मनीष कुमार, संजय मिल,सुरेन्द्र पुनिया, राकेश रणवा, डॉ हरी सिंह ढाका, राजेन्द्र सोहु, किरोड़ीमल पुनिया, विनोद ढाका, राजेश पुनिया, कुलदीप पुनिया, राजीव ढाका, अजय वकील, ताराचंद भाकर, विजेन्द्र गढ़वाल आदि मौजूद रहे। महावीर ढाका ने झुन्झुनू भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी व पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार का आभार व्यक्त किया है।

## 5 जनवरी से पार्षद देंगे धरना

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अनेक भाजपा पार्षदों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन लिखकर धरने की स्वीकृति मांगी है। उपखंड अधिकारी को भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जिला कलक्टर को विभिन्न मांगों को लेकर पत्र भेजा गया था, लेकिन मांगे पूरी नहीं होने पर 5 जनवरी से नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरना शुरू किया जाएगा। ज्ञापन पर पार्षद हरीओम खोड़, मीनाक्षी स्वामी, सीता देवी, रेंवतमल पंवार, नरेंद्र प्रजापत, नरेंद्र गुर्जर, शारदा मण्डावरिया, शान्ति, रविन्द्र सहित अनेक लोगो के हस्ताक्षर हैं।

## भागवत कथा में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा मे कथा वाचक पंडित भवानी शंकर पारीक ने भगवान के वामन अवतार प्रसंग व कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। कथा में सैकडों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। बाल कृष्ण और वामन भगवान की सजीव झांकी सजाई गई। पंडित चंद्र प्रकाश ने भागवतजी की पूजा अर्चना करवाई। कथा में आर. के. म्युजिकल ग्रुप ने सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन संदीप जोशी ने किया।

## अभिभाषक संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(निस)** अभिभाषक संघ सुजानगढ़ के नए निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम बार रूम में आयोजित किया गया। एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने अध्यक्ष सूरजमल यादव, सचिव बनवारीलाल बिजारणिया, उपाध्यक्ष प्रदीप कठातला, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, संयुक्त सचिव महावीर सिद्ध, पुस्तकालय सचिव किसनलाल शर्मा को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसीजेएम न्यायाधीश विकास गजराज भी मौजूद रहे। इस अवसर पर एडवोकेट निरंजन सोनी, अशोक पारीक, हरीश पारीक, गजेंद्र सिंह, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, मधु चोबदार, नरेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष गोवर्धनलाल चौधरी, श्याम सुंदर खंडेलवाल सहित अनेक वकील मौजूद रहे। नव पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। संचालन एडवोकेट निरंजन सोनी ने किया।


### नाम परिवर्तन

मैनें मेरा नाम सीताराम से बदलकर सीताराम मेघवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। सीताराम मेघवाल (SITARAM MEGHWAL) पुत्र रामेश्वर लाल (RAMESHVAR LAL), ग्राम बालेरा, तहसील बीदासर (चूरू) राजस्थान

### रजनीकान्त सोनी, एडवोकेट, राजस्थान उच्च न्यायालय

कार्यालय-गांधी चौक, सुजानगढ़ (चूरू)

**कानूनी नोटिस**

बनाम

**सर्वसाधारण भारत के नागरिकगण**

यह नोटिस में मेरी मुवक्किला कविता नाहटा पत्नी हेमराज नाहटा जाति ओसवाल जैन निवासिनी कोठारी रोड़ सुजानगढ़ की ओर से प्रकाशित करवा रहा हूँ कि मेरी मुवक्किला निम्नलिखित आसे पासे की भूमि जो कस्बा सुजानगढ़ जिला चूरू राजस्थान के बाड़ी बास, डोसी चौक पर स्थित है, को कय (खरीद) करना चाहती है। इस हेतु कुल भूमि का एक बट्टा दो हिस्सा धर्मचन्द नाहटा पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल नाहटा जाति ओसवाल जैन निवासी सुजानगढ़ हाल चैन्नई से कय (खरीद) बाबत संविदा कर रही है।

भूमि का पट्टा न. 158 चूनीलाल पुत्र पद्मचन्द व भैरूदान पुत्र फुसराज नाहटा निवासी सुजानगढ़ के नाम से है, जिसकी कुल भूमि 781 दरगज है। उक्त भूमि में से दक्षिण तरफ की 202 दरगज भूमि पूर्व में ही डोसियो को विक्रय कर दी गई थी। शेष भूमि 579.25 दरगज में भैरूदान का एक बट्टा दो उतरादा हिस्सा है। धर्मचन्द नाहटा पट्टेधारी भैरूदान का बारिश है तथा संशोधित पारिवारीक बंटवारानामा दिनांकित 10.09.2009 के आधार पर उक्त पट्टेधारी भैरूदान के हिस्से की भूमि अकेले धर्मचन्द नाहटा को प्राप्त हुई है । आसा पासा व नाप परिसर

उत्तर : रास्ता 70.9 फुट
दक्षिण शेष हिस्सा पट्टेधारी चुनीलाल के वारिशान 72.9फुट
पूर्व भूमि मकान मनोहरलाल जयप्रकाश गुप्ता 21.6 फुट
पश्चिम : रास्ता / डोसी चौक 21.3 फुट

यदि किसी व्यक्ति या दावेदार या हक सफादार को कोई एतराज है तो इस नोटिस के प्रकाशन की दिनांक से सात दिन के भीतर मुझे या मेरी मुवक्किला के समक्ष ऐतराज पेश कर देवे अन्यथा भविष्य में किसी व्यक्ति का कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा। दिनांक 02/01/2026

भवदीय
रजनीकान्त सोनी, एडवोकेट
सुजानगढ़ (चूरू)

### कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कमांक :-न.प. सु. / भूमि शाखा/2026/10079 दिनांक 02-01-2026

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख. न. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती कविता तेतरवाल पत्नी श्री हरिराम तेतरवाल | सुजानगढ़ | 561/ 1678 | 278.70 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 5138-5152 दिनांक :- 01-01-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 46 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।
NIB No. - PWD2526A4953

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB19814 | 2. | PWD2526WSOB19815 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

### OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT BARDOTI

PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)

S.NO: 2025-26/BARDOTI/181-1/272 DATE 02-01-2026

**INVITATION OF TENDER 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for One construction work at GP BARDOTI P.S. Sambhar Lake (Jaipur) total estimated cost Rs. 6.99 Lacs

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in

UBIN: ZJP2526WSOB02088
Tender ID - 2025_PRD_523119_1

Prashasak
Gram Panchayat
BARDOTI

VDO
Gram Panchayat
BARDOTI

### कार्यालय ग्राम पंचायत साण्डवा,

पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं साण्डवा/2025-26/265-270 दिनांकः 29.12.2025

**निविदा सूचना संख्या 09/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | रा.उ.मा.वि.केसीलाई तलाई में चौक निर्माण कार्य साण्डवा | 998838 | 20000 |
| 2 | रा.उ.मा.वि.केसोलाई तलाई में टिन शेड निर्माण कार्य साण्डवा | 999158 | 20000 |
| 3 | इन्टलॉक ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य गजूराम के घर से कालूराम राणा के घर की ओर साण्डवा | 999968 | 20000 |
| 4 | इन्टलॉक ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य अपूर्ण नोखा-सीकर रोड से कालूराम के घर की ओर साण्डवा | 999973 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 30.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 05.01.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 05.01.2026दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 05.01.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1182, ZCR2526A1183, ZCR 2526A1184, ZCR2526A1185 UBN No. ZCR2526WSOB02035, ZCR 2526WSOB02036, ZCR2526WSOB02037, ZCR2526WSOB02038, के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत साण्डवा
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत साण्डवा,
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

### कार्यालय ग्राम पंचायत साण्डवा,

पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.पं../खु.नि./2025-26/286-191 दिनांकः 29.12.2025

**खुली निविदा सूचना संख्या- 13/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साण्डवा पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 31.12.2025 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01. | शौचालय निर्माण कार्य आम गुवाड भोमपुरा ग्राम पंचायत साण्डवा | 349440 | 7000 |
| 02. | इन्टरलॉक ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य रा.उ.मा.वि. केशुलाई तलाई साडवा | 472730 | 9500 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 06.01.2026समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तो की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 06.01.2026 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्ते कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http// sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo ZCR2526A1192 UBNN- ZCR2526 WSOB 02050, ZCR2526WSOB02051 तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत साण्डवा,
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत साण्डवा,
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

# सड़क सुरक्षा अभियान 31 जनवरी तक होगा जिले में संचालित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 सड़क सुरक्षा अभियान जिले में 1 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक संचालित होगा। इस दौरान जिले में सड़क सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने सड़क सुरक्षा अभियान की सफलता के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिला कलक्टर के अनुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के लिए इस वर्ष की थीम 'सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन' के मद्देनजर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभिन्न गतिविधियां की जायेगी। इसके तहत जिला परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी और यातायात पुलिस की ओर से सड़क दुर्घटनाओं



एवं मृत्यु दर में कमी लाने के लिये अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी। परिवर्तन व मॉनिटरिंग के साथ-साथ सड़क सुरक्षा मानकों के आधार पर गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के हाई रिस्क कोरिडोर्स पर शून्य मृत्यु दर के लिये उपाय किये जाएगे। उन्होंने कहा कि हाइवे सड़क किनारे पर संचालित अवैध वाहन धुलाई सेंटरों को हटवाया जाना सुनिश्चित करें। वाहन चालकों की आंखों का परिक्षण किया जाए। जिले में संचालित बालवाहिनीयों की बैठक आयोजित कराई जाएं। कार्यशाला आयोजित कर माल वाहक वाहनों के चालकों एवं अन्य चालकों का प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि सड़कों पर साईन बोर्ड, सड़क चिन्हों तथा स्पीड ब्रेकर, आपातकालीन सेवाओं का उपयोग, सड़क डिजाईन और रखरखाव प्रोटोकॉल में सुरक्षा को प्राथमिकता व्यापक जन जागरूकता अभियान, सड़क सुरक्षा चैम्पियन और भले मददगार व्यक्तियों का सम्मान, पैदल यात्रियों, साईकिल सवारों तथा दुपहिया वाहन चालकों के लिए विशेष जागरूकता अभियान, रोड़ सेफ्टी हेतु प्रतियोगिता आयोजित करने सहित विभिन्न गतिविधियां की जायेगी। इसके लिये जिला परिवहन अधिकारी को नोडल और पीडब्ल्यूडी एसई व यातायात वृत्ताधिकारी को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला स्तर पर सड़क सुरक्षा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि 3 जनवरी को उच्च माध्यमिक व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण, 4 जनवरी को सड़क सुरक्षा साइकिल रैली तथा 5 जनवरी को प्रमुख पार्कों में वरिष्ठ नागरिकों, आगन्तुकों के साथ सड़क सुरक्षा पर चर्चा एवं सड़क सुरक्षा पेम्पलेट आदि का वितरण किया जाएगा।

## चरागाह भूमियों पर अतिक्रमण को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस)।** कस्बे के उ. मा. बाल विद्या मंदिर स्कूल में ऊपरमाल क्षेत्र की चरागाह भूमियों पर हो रहें अतिक्रमण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए बताया कि वर्तमान समय में बिजौलिया उपखंड क्षेत्र के लगभग 70- 80 प्रतिशत गांवों की चरागाह भूमियों पर कुछ असामाजिक तत्वों ने अतिक्रमण कर खुर्द- बुर्द कर दिया हैं। जिस वजह से गोवंश सहित अन्य मवेशियों के लिए चरने का संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या के निवारण के लिए क्षेत्र के सभी सामाजिक- राजनेतिक संगठन, किसान व गौ प्रेमियों की ओर से 7 जनवरी को उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। जिसमें चारागाह भूमियों के सीमांकन एवं संरक्षण की मांग की जाएगी। बैठक में यशवंत सिंह पुंगलिया, निलेश सनाढ्य, आदर्श सोनी, रामफूल धाकड़, आशीष चंद्रवाल, उमेश शर्मा , दीपक गौड़, मदन धाकड़, मुकेश रेगर, रमेश गुर्जर, कुलदीप सिंह, शैतान प्रजापत, शंकर धाकड़, कैलाश चन्द्र नाथ, पप्पू पुरी, प्रितम कोली, हरिश देवानी सहित कई गौसेवक मौजूद रहे।

## बाल कला व युवा महोत्सव का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** लाइट ऑफ लाइफ् ट्रस्ट की ओर से बच्चों में अंतर्निहित बाल कला गुणों को बढ़ावा देने के लिए बाल कला महोत्सव व युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जागेश्वर मंदिर सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल रहे।बाल कला व युवा महोत्सव कार्यक्रम में ऑडिशन से सिलेक्टेड बच्चों की चित्रकला, भाषण, निबंध, ब्लॉग राइटिंग, डिबेट कॉम्पिटिशन, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़ ,एकल गायन, एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## मध्यप्रदेश से 5 हजार का इनामी फरार बदमाश अवैध देशी कट्टा मय जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे फरार अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार आरपीएस और वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी महेन्द्र मीणा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में बसई डांग थानाधिकारी दुर्गसिंह उप निरीक्षक व पुलिस थाना टीम की ओर से 2 जनवरी को आसूचना के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य से 5 हजार रुपये का इनामी बदमाश भारत पुत्र रघुवर गुर्जर निवासी गंगोली थाना बसई डांग को बाबू महाराज मन्दिर से अपने गांव गंगोली की तरफ बीहड़ के रास्ते जाने की सूचना है। जिस पर थानाधिकारी मय जाब्ता के बड़ी सतर्कता के साथ उक्त इनामी बदमाश भारत को मय एक देशी कट्टा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी भारत पर अपहरण, डकैती, नकबजनी व हत्या का प्रयास जैसे कई प्रकरण दर्ज है। इलाका थाना क्षेत्र में फरार अपराधियों व अवैध हथियारों को रखने वालों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान जारी है।

## जब अपने ही घर में न्याय की गुहार तो फिर कौन करेगा दुलार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जब अपने ही घर में न्याय की गुहार तो फिर कौन करेगा दुलार ? एक नाबालिग को न्याय दिलाने में मशगूल कुशवाह समाज अपने ही समाज की एक बेटी को न्याय दिलाने में सक्षम साबित नहीं हो पाया है । एक महिला अपने ही समाज से गुहार कि मांग कर रही है लेकिन समाज उस अबला की पीड़ा को समझने के बजाय दबंग जिले की विधायक और पूर्व विधायक राजनेताओं के परिवार की राजनीति के चलते असहज महसूस कर रहा है । पटपरा मोहल्ला की रहने वाली एक महिला ने कुशवाह समाज की नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए छात्रावास में कुछ दिन पूर्व पंचायत आयोजित की गई थी लेकिन पुलिस की कौशल रणनीति और क्षमता से उस आंदोलन की आवाज को बढ़ने से पहले ही आरोपी की गिरफ्तारी कर आंदोलन को हवा देने से पहले ही रोक दिया लेकिन इस आंदोलन की रूपरेखा के दौरान एक महिला ने अपने ही समाज के दबंग राजनेताओं पर जमीन हड़पने का आरोप लगा कर सनसनी फैला दी। समाज के लोग इस मामले को सुनते रहे लेकिन इस मामले में अपनी जानकारी की अनभिज्ञता को जताते रहे है। जब एक समाज अन्य लोगों के विरुद्ध आंदोलन चलाने के लिए जिला प्रशासन पर दबाव बना सकता है तो अपने ही परिवार की महिला के विरुद्ध हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने से क्यों चूक कर रहा है । इससे यह साबित होता है कि समाज के बाहुबली अपनी राजनैतिक रोटी सेकने के लिए जिला प्रशासन पर दबाव बनाते है और अपना वर्चस्व के लिए ही आंदोलन की तैयारी करते है। जब अपने घर की बेटी को न्याय नहीं मिल सकता है तो ऐसे समाज के लिए एकजुट होना भी बेकार साबित होता है। यह विचार राजीव जगरिया पत्रकार धौलपुर के है।

## कभी शेरों की दहाड़ से गूंजने वाला शेरगढ़ किला, उस रात सिर्फ़ पत्थरों की चोट और एक इंसान की आखिरी सांसों का गवाह बना

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित शेरगढ़ किले के पास एक युवक की लाश मिली चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था,शरीर पर पत्थरों के निशान बता रहे थे कि मौत से पहले कोई रहम नहीं किया गया। मृतक था – रविकांत। जिसे अपने ही घर में पनप रही साजिश की भनक तक नहीं थी।

### सस्पेंस:

शुरुआत में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। कोई लूट नहीं, कोई दुश्मनी नहीं। लेकिन एक सवाल बार-बार उठ रहा था रविकांत को रात के अंधेरे में शेरगढ़ किले तक कौन ले गया? '

### खुलासा:

जांच की सुई रुकी...सीधे उस शख्स पर,जिसे रविकांत सबसे ज़्यादा भरोसा करता था – उसकी पत्नी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि रविकांत की पत्नी रजनी और ऑटो चालक शाहरुख खान के बीच खामोशी से रिश्ता चल रहा था।

### साजिश की रात:

उस रात रविकांत को बहाने से किले के पास बुलाया गया। अंधेरा था...किला सुनसान था...और भरोसा पूरी तरह अंधा। फिर उठा पत्थर...और गिरा सीधे उस शख्स पर जो आखिरी पल तक यही सोच रहा था कि सामने खड़ा इंसान




अपना है।

### कबूलनामा:

मुख्य आरोपी शाहरुख खान ने पुलिस के सामने कत्ल की पूरी कहानी उगल दी।उसने बताया कि रजनी के कहने पर ही उसने रविकांत को मौत के घाट उतारा।

### पुलिस एक्शन:

कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले शाहरुख को दबोचा,फिर हत्या की साजिश में शामिल पत्नी रजनी को भी गिरफ्तार कर लिया। यह कत्ल सिर्फ़ एक इंसान की मौत नहीं था...यह एक रिश्ते की सड़ चुकी सच्चाई थी।शेरगढ़ किले की दीवारें आज भी खामोश हैं...लेकिन उनके पास एक ऐसा राज़ दफन है, जिसे प्यार के नाम पर किया गया कत्ल कहा जाएगा।

## किसान फसल को पाले से बचाने के लिए अपनाएं उपाय

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वर्तमान में तापमान गिरने से आसमान साफ व हवा बंद होने पर रात्रि के समय 12 बजे के बाद पाला पड़ने की संभावना को मद्देनजर रखते हुए फसलों को बचाने के उपाय करने आवश्यक है।

### हल्की सिंचाई:

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद प्रभुदयाल शर्मा ने बताया कि आमतौर पर जब आसमान साफ हो और हवा न चले तो खेत में हल्की सिंचाई कर देनी चाहिए। गिली मिट्टी सूरज की गर्मी को सूखी मिट्टी की तुलना में ज्यादा देर तक रोक कर रखती है। जिससे खेत का तापमान बाहरी वातावरण से 2-3 डिग्री बढ़ जाता है।

### धुंआ करना:

रात के समय खेत की मेड़ों पर कचरा, सूखी घास या भूसा जलाकर धुंआ करना चाहिए। धुंआ खेत के ऊपर एक सुरक्षा कवच बना लेता है, जो जमीन की गर्मी को अंतरिक्ष में जाने से रोकता है। धुंआ अक्सर उत्तर-पश्चिम दिशा में करना चाहिए। उन्होंने बताया कि व्यापारिक गंधक का अम्ल 0.1 प्रतिशत अर्थात एक हजार लीटर पानी में एक लीटर अम्ल तेजाब मिलाकर खेत में छिड़काव करना चाहिए। इससे 10-15 दिन तक फसल का आंतरिक तापमान बना रहता है। यदि व्यापारिक गंधक का अम्ल उपलब्ध नहीं हो तो घुलनशील सल्फर 80 प्रतिशत डब्ल्यूपी 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। जिन किसानों ने बुवाई के समय सल्फर या जिप्सम का प्रयोग किया है। उनको पाले से बचाव के उपाय करने की विशेष आवश्यकता नहीं होगी। उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली हवाओं से बचने के लिए छोटे पौधों या नर्सरी को बचाने के लिए इस दिशा में घास फूस की टाटी या पर्दा बांध देना चाहिए। छोटे पौधों को प्लास्टिक मल्च या पुआल से भी ढका जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर किसानों की फसल पर पाले का असर हो गया हो, तो धूप निकलने पर एनपीके 19:19:19 एक किलोग्राम खाद प्रति 150 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव करने से फसल को उभरने में मदद मिलेगी। फूल व दाने की अवस्था में सरसों, टमाटर, बैगन, मिर्च, अरहर, आलू की फसल पाले से ज्यादा प्रभावित होती है।

## दिहौली थाना पुलिस की अवैध हथियारों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर वैभव शर्मा आरपीएस, वृताधिकारी वृत्त मनियां खलील अहमद आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना दिहौली छवि फौजदार व जाप्ता की ओर से मुल्जिम उदयगिरी उर्फ सम्राट उर्फ राज से एक अवैध देशी कट्टा व एक मिस कारतूस 315 बोर व मुल्जिम दीपक उर्फ दीपू से एक अवैध देशी कट्टा व एक कारतूस 315 बोर व मुल्जिम रामू से एक अवैध देशी कट्टा मय एक मिस कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया। प्रथम घटना विवरण 1 जनवरी 2026 को थानाधिकारी छवि फौजदार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाना से रामनाथ एएसआई मय जाप्ता को रवाना किया गया। जिस पर अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर व कांस्टेबल विक्रम व आसूचना अधिकारी धर्मेन्द्र कांस्टेबल की सूचना (विशेष भूमिका) पर माता मंदिर तोमर का अड्डा रोड़ मजरा हथवारी से मुल्जिम उदयगिरी उर्फ सम्राट उर्फ राज से एक अवैध देशी कट्टा व एक मिस कारतूस 315 बोर के साथ पकड़ा। जो थाना से करीब 1 साल से हत्या में स्थायी वारंटी कोर्ट केस नंबर 54/2020 में फरार था। जिस पर प्रकरण धारा आर्म्स एक्ट में दर्ज कर राकेश एएसआई की ओर से अनुसंधान जारी है। द्वितीय घटना विवरण 1 जनवरी 2026 को थानाधिकारी छवि फौजदार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाना से राकेश एएसआई मय जाप्ता को रवाना किया गया। जिस पर अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर व प्रदीप कुमार कांस्टेबल व भरतराम कांस्टेबल की




सूचना (विशेष भूमिका) पर ढौढि का पुरा रोड़ से मुल्जिम दीपक उर्फ दीपू दलाल एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ पकड़ा जो थाना बैर जिला भरतपुर में 2023 से लूट व डकैती तथा अवैध हथियार में फरार था। जिस पर प्रकरण धारा आर्म्स एक्ट में दर्ज कर रामनाथ एएसआई की ओर से अनुसंधान जारी है। तृतीय घटना विवरण दिनांक 1 जनवरी 2026 को थानाधिकारी छवि फौजदार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाना से रामनाथ एएसआई मय जाप्ता को रवाना किया गया। जिस पर अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर व राधेश्याम कांस्टेबल व दीपेन्द्र कांस्टेबल की सूचना (विशेष भूमिका) पर रैहना माता रोड़ रामसिंह का पुरा स्कूल के पास से मुल्जिम रामू को एक अवैध देशी कट्टा व एक मिस कारतूस 312 बोर के साथ पकड़ा। जिस पर प्रकरण धारा आर्म्स एक्ट में दर्ज कर नरेश एएसआई की ओर से अनुसंधान जारी है।

## पेयजल सप्लाई में सीवर लाइन के गंदे पानी की सप्लाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सीवर के गंदे पानी की पेयजल सप्लाई में लीकेज से मिलावटी पानी के कारण बच्चे, बूढ़े और जवान की जनहानि प्रकाश में आई है। उससे धौलपुर नगर परिषद क्षेत्र की 66 कॉलोनी के 80000 नागरिकों का जनजीवन भी संकट में बना हुआ है परंतु इस घटना से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। घटना से सबक लेते हुए पीने के पानी को उपयोग में लेने से पूर्व सावधानी बरतें जहां-जहां सीवर और पेयजल पाइपलाइन टूटी होने से दूषित पानी आने की शिकायत या जानकारी मिले वहां पर हेड पंप अथवा समर के पानी को पीने के लिए उपयोग में ले पेयजल पाइपलाइन टूटने व फूटने की जैसे ही घटना आपकी जानकारी में आए तत्काल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को इसकी सूचना दें। गैस पाइपलाइन के लिए खुदाई या अन्य किसी कार्य से कॉलोनी में खुदाई होने पर पेयजल पाइपलाइन टूटने अथवा सीवर की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने और सीवर के ओवरफ्लो पानी से पेयजल पाइपलाइन में गंदा पानी जाने की जानकारी तत्काल जीपीएस कैमरे से लेकर जलदाय विभाग व जिला प्रशासन और नगर परिषद को अवगत करायें। सरकार के पास 27 जनवरी 2025 से 260 करोड रुपए की बजट स्वीकृत की फाइल कब स्वीकृत होगी कहा नहीं जा सकता परंतु नागरिकों को अपने जान माल की सुरक्षा खुद के स्तर पर भी करनी होगी। जनप्रतिनिधियों, लोक सेवकों को एवं समाजसेवी कार्यकर्ताओं को नागरिकों की जान माल की सुरक्षा के बारे में अपनी अपनी समस्या से अवगत कराते हुए मुस्कान समिति को भी समय-समय पर घटनाक्रम से जीपीएस कैमरे और घटना का समय दिनांक अंकित करते हुए स्थान की जानकारी और समस्या के बारे में



अवगत करावें। मुस्कान समिति हर दुख दर्द में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है मुस्कान समिति हमेशा रचनात्मक तरीके से जनप्रतिनिधियों और लोक सेवकों से समस्या के निदान के लिए लिखित परिवेदनाएँ भेजती रहेंगी। सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली, उच्च न्यायालय राजस्थान जयपुर, राजस्थान सरकार व केंद्र सरकार को भी समस्या से अवगत कराती रहेगी।

## एएनएम प्रशिक्षण केंद्र धौलपुर में छात्राओं का तीन दिवसीय ध्यान सत्र

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में नव वर्ष 2026 की शुरुआत हार्टफुलनेस संस्था विश्व मुख्यालय, हैदराबाद के द्वारा छात्राओं को ध्यान की तकनीक सिखाकर की गई की गई। हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकों द्वारा तीन दिवसीय ध्यान सत्रों का आयोजन 31 दिसंबर 25 से 2 जनवरी 26 तक किया गया । इसमें प्रथम दिन रिलैक्सेशन के साथ ध्यान कराया गया , दूसरे दिन सफाई के साथ ध्यान कराया गया एवं तीसरे दिन प्रार्थना के साथ ध्यान का अभ्यास कराया गया। हार्टफुलनेस प्रशिक्षक बृजलाल शाक्य ने ध्यान के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि ध्यान से हमारे अंदर मानसिक शांति, तनाव मुक्ति और एकाग्रता बढ़ती है जिससे हमारे अंदर निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होती है दिल और दिमाग का संतुलन, भावनात्मक स्थिरता आती है। गुस्सा कम होना बेहतर नींद आना तथा नियमित ध्यान करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है नाकारात्मक सोच कम होकर सकारात्मकता बढ़ती है तथा स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है ब्लड प्रेशर , तनाव जन्य समस्याओं में सहायता मिलती है, आत्मिक विकास से हमारे अंदर आत्मज्ञान, धैर्य और करुणा का विकास होता है रिश्तों में सुधार व्यवहार में



शांति और हमारी समझ बढ़ती है। प्रशिक्षक राकेश कुमार द्वारा छात्राओं को ध्यान का अभ्यास कराया गया। और बताया कि हार्टफुलनेस संस्था द्वारा सभी को ध्यान का अभ्यास निशुल्क कराया जाता है। तथा हार्टफुलनेस टीम द्वारा जिले के गांवों में जाकर एकात्म अभियान के माध्यम से भी ध्यान का अनुभव कराया जा रहा है। ध्यान शिविर के आयोजक हेमंत कुमार शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि हार्टफुलनेस संस्था 160 देशों में संचालित है। जो सरकार और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं नशामुक्ति के कार्य भी कर रही हैं। ध्यान शिविर के दौरान एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की प्रधानाचार्य कल्पना सेंगर , नर्सिंग ट्यूटर दीपिका बिश्नोई , राधा एवं 60 छात्रायें उपस्थित रहीं। ध्यान के अभ्यास के दौरान सभी ने शांति और हल्केपन अनुभव किया।

## *नवदेव महामंडल विधान के समापन पर राजाखेड़ा में धूमधाम से निकली शोभायात्रा*

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा।** कस्बे में जैन समाज द्वारा आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य भगवंत विद्यासागर जी गुरुदेव के शिष्य मुनि विलोक सागर महाराज संसंघ के सानिध्य में श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जैन धर्मशाला 25 दिसंबर से आयोजित हो रहे नवदेव महामंडल विधान के अंतिम दिन विशाल शोभायात्रा निकाली गई।। शोभायात्रा के दौरान करीब 1 दर्जन से मनमोहक झाँकियाँ, आधे दर्जन बैंड जो स्वरलहरियों के साथ सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के महिलाओं एवं पुरुषों ने हिस्सा लिया, पुरूष स्वेत वस्त्र एवं महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर चल रहे। जहाँ अहिंसा परमोधर्म का संदेश दिया गया। शोभायात्रा से पहले नवदेव महामंडल विधान के समापन पर हवन किया गया। उसके बाद दोपहर 12 बजे से कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई, जो जैन धर्मशाला से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्ग पुलिस चौकी, धौलपुर बस स्टैंड, अम्बरपुर बाईपास, हाटमैदान, मनोरमा सिंह की कोठी से मुख्य बाजार होती हुई जैन धर्मशाला पहुँची। जहाँ जैन समाज के महिला मंडल एवं बालिकाओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद जैन मंदिर में श्रीजी का पाण्डुक शिला पर अभिषेक



किया गया। शोभायात्रा के दौरान बैंडो पर भगवान के सुंदर भजन चल रहे वही रथ को समाज के लोग हाथ लगाकर खींचने को आतुर दिखे। जिस पर भगवान आदिनाथ की मनमोहक प्रतिमा विराजमान थी। जिनकी समाज के लोगो ने आरती उतारकर शोभायात्रा की आगवानी की। इस दौरान लोगो ने जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया।इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, महामंत्री राजेश जैन, पूरन चंद जैन, देवचंद जैन, पंकज जैन, महेश चौधरी, सतीश चंद जैन, मुकेश जैन पटवारी, रामकुमार जैन, मनोज जैन, प्रदीप जैन, नीतेश जैन, राकेश जैन, अंकित जैन, रोबिन जैन, नीटू जैन, रॉबी जैन मेडिकल सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला एवं पुरूष मौजूद रहे। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था भी चाक चौबंद रही।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
3 जनवरी, 2026

## कच्ची बस्तियों में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ ने 'अपनों के साथ' नव वर्ष मनाने की भावना को साकार करते हुए एक अनुकरणीय सामाजिक पहल की है। ट्रस्ट की ओर से कच्ची बस्तियों में कंबल वितरण कर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद लोगों को सम्मान और बराबरी का एहसास दिलाया गया। भीषण सर्दी के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में कच्ची बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों, श्रमिकों व बेसहारा नागरिकों को गर्म कंबल वितरित किए गए। कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलकती दिखाई दी, जिससे पूरा माहौल मानवीय संवेदना से भर उठा।कार्यक्रम ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी, प्रकाश पासोरिया, गिरधरलाल जाजोदिया व भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया के सानिध्य में संपन्न हुआ। कंबल भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया की ओर से उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर चंद्रकांत जाजोदिया ने कहा कि भविष्य में भी ट्रस्ट के सेवा कार्यों में हरसंभव सहयोग देने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर ट्रस्ट प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रामपाल कुमावत, लोकित दईया, रोहित दईया, विजय कुमावत, हरलाल गवारिया सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

### एक देश एक चुनाव के होंगे अनेक कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** वन नेशन वन इलेक्शन राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत सरदारशहर में युवा, छात्र व नवमतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संभाग संयोजक मांगीलाल गोदारा ने वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 2 जनवरी से 12 जनवरी तक एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन के लिए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान एक राष्ट्र एक चुनाव के चूरू जिला संयोजक मुकेश कुमार जोशी ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रभाव पर प्रकाश डाला तथा इसकी सार्थक उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम में गणेश पारीक, दीपक शर्मा, मुकेश भामा, राजवीर सिंह राठौड़, महेंद्र राजपुरोहित, गिरधारी चौधरी, विष्णु शर्मा, रामावतार नाई, गौतम पारीक, राकेश टाक, भगवती प्रसाद सांडेला, अभिषेक सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रघुनाथ बालिका को आयुर्वेद व योग शिक्षा की मान्यता

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्री रघुनाथ बालिका संस्थान को राजस्थान सरकार से आयुर्वेद नर्सिंग एवं योग शिक्षा के पाठ्यक्रम संचालित करने की मान्यता मिल गई है। यह मान्यता वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रभावी होगी। इसके साथ ही संस्थान लक्ष्मणगढ़ का पहला ऐसा शिक्षण केंद्र बन गया है, जहां आयुर्वेद और योग से जुड़े पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। संस्थान की प्रशासक गायत्री पोरवाल व सचिव ओमप्रकाश जांगिड़ ने बताया कि आयुर्वेद और योग की प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी गई थी, जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।मान्यता के तहत संस्थान में आयुर्वेद नर्सिंग में 60 सीटें व योग शिक्षा में 40 सीटें निर्धारित की गई हैं। दोनों पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर की जा रही है।इस उपलब्धि से लक्ष्मणगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब उन्हें स्वास्थ्य आधारित इन पाठ्यक्रमों के अध्ययन के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में इसे नई पहल माना जा रहा है।

## फर्जी नाम जुड़वाने का आरोप, कार्यवाही की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव भीमसर के लोगों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि गांव में कुछ घूमन्तू जन जाति के लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वा रहे हैं, इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि करीब 40-50 लोग ऐसे हैं, जिनका नाम 2002 की मतदाता सूची में व उससे पहले कभी भी हमारे गांव भीमसर की मतदाता सूची में नहीं रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गांव की गोचर व चारागाह भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से ऐसे लोग मतदाता सूची में नाम जुड़वा रहे हैं तथा ये लोग वन्य जीवों का शिकार भी करते हैं। ऐसे लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के बजाय इन पर कार्यवाही की जावे। ज्ञापन पर राजकुमार, सुखदेवाराम, महावीर प्रसाद, बनवारीलाल, गणेशाराम, मदनलाल, रामकुमार, मुकनाराम सहित अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।



# राजस्थान शिक्षा परिषद प्रधानाचार्य रेसा पी के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का समापन

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** दो दिवसीय राजस्थान शिक्षा परिषद प्रधानाचार्य रेसा पी का 11वां प्रांतीय सम्मेलन व अधिवेशन का आयोजन चमेली देवी सभागार में किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर निदेशक सीताराम जाट, रेसा पी प्रदेशाध्यक्ष बी.के. गुप्ता, रेसला पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन सिहाग, रतनगढ पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी, भंवरलाल सामोता, रेसा पी चूरू जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड़, रेसा पी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाटेदार, रेसा पी मुख्य संरक्षक प्रमोद मिश्रा, रेसा पी संरक्षक राजूराम चैधरी, रेसा पी प्रांतीय महामंत्री दिनेश मीणा, रेसा वीपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भंवरलाल गुर्जर, सतीश गुप्ता, राजेन्द्र बंसल, रतनलाल मीणा, गिरधारी गोदारा, मुकेश सामोता, मनोहर सिंह शेखावत सहित अनेक लोग मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथियो ने माँ सरस्वती का दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथियो ने शिक्षा विभागीय उत्सव, जयंति व मंच संचालन के नाम की पुस्तक का विमोचन किया। सम्मेलन के






दौरान कई वक्ताओ ने सम्बोधन किया। रेसा पी प्रदेशाध्यक्ष बी.के. गुप्ता ने कहा कि पाप, ताप और कल्पवृक्ष का नाश करने वाला ज्ञान देने का काम गुरू करते है। वसुन्धरा की सरकार में एक साथ पांच हजार प्रधानाचार्य बनाए गए थे। गुरू हमेशा बच्चो को संस्कारवान व चरित्रवान बनाता है। हमारा मुख्य काम शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित करना होता है। भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से एक शक्ति का निर्माण होता है। 21वीं सदी को इंटरनेट की सदी कहा गया है। शिक्षक का मुख्य कार्य बच्चो के अध्ययन का सर्वांगीण विकास कैसे किया जाए उस पर अच्छे से कार्य करें। इस सम्मेलन के माध्यम से हम हमारी सभी समस्याओ को लेकर चर्चा करेगे और उनका समाधान करवाएगे। प्रमोद मिश्रा ने अपने सम्बोधन मे कहा कि राजस्थान की शिक्षा के साथ साथ हम संस्कार के माध्यम से बच्चो को देश विदेश में नाम रोशन करने के लिए तैयार करते है। अब हम 2026 में राजस्थान शिक्षा सिस्टम को नये आयाम के साथ तैयार करेगें। निदेशक सीताराम जाट ने कहा कि हम ऐसा मंदिर चलाते है जहां से एक सुदृढ नागरिक बनकर निकलता है। शिक्षक का दिया हुआ ज्ञान से ही बच्चा एक सुदृढ नागरिक बन सकता है। शिक्षक शिक्षा के माध्यम से एक अमूल परिवर्तन कर सकते हैं। हमसब मिलकर शिक्षा की गुणवता में सुधार करेगें। वर्तमान समय मे बदलते समय के साथ शिक्षा की नीति को बदलना आवश्यक है। सबसे पहले शिक्षक हमेशा बच्चे की टेलेन्टता को पहचान कर उसी के अनुरूप उसे तैयार करता है। डीपीसी के बारे मे बताते हुए कहा कि हम 31 मार्च 2026 तक यह कार्य पूर्ण करवा देगें सकारात्मक सोच से ही हर कार्य करना आसान होता है। रतनगढ पूर्व विधायक अभिनेष महर्षी ने कहा कि इस सम्मेलन में शिक्षको के दायित्व व राष्ट्र निमार्ण को लेकर चर्चा की गई है। सरकार को शिक्षको को पढाई के अलावा अन्य दूसरे कार्यो में नही लगाना चाहिए। वर्तमान समय मे शिक्षक सरकार के कागजी कार्य में उलझे रहते है जिससे उनको पढाने का समय नही मिल पाता। डॉक्टर भगवान का रूप होता है उसी प्रकार शिक्षक राष्ट्र निर्माण का निर्माता होता है। वर्तमान समय में हमारा देश आर्थिक शक्ति में तीसरे नम्बर पर है।

## देवासर माइनर पर घटिया सामग्री लगाने का आरोप





### आक्रोशित किसान पहुंचे सरदारशहर उपखण्ड कार्यालय

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** जिले के सरदारशहर क्षेत्र में देवासर माइनर के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाते हुए किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी को लेकर आक्रोशित किसान शुक्रवार को सरदारशहर उपखण्ड कार्यालय पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि जब उन्होंने माइनर में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने का विरोध किया तो संबंधित अधिकारी और ठेकेदार किसानों पर ही झूठे मुकदमे दर्ज करवा रहे हैं। इस कार्रवाई से किसानों में रोष और बढ़ गया है। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसान पिछले छ दिनों से गांव में धरना दे रहे हैं। किसानों की ओर से सरदारशहर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय का घेराव कार्यक्रम भी रखा गया है। जिसे लेकर प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। किसान नेता रामकृष्ण छींपा ने बताया कि देवासर माइनर में मानकों को दरकिनार कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जब किसानों ने इसकी शिकायत ठेकेदार से की तो उल्टा किसानों के खिलाफ ही थाने में राजकार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई। वहीं किसान नेता सांवरमल मेघवाल ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और माइनर का निर्माण उत्तम गुणवत्ता की सामग्री से दोबारा नहीं किया जाता तब तक किसानों का आंदोलन और अधिक तेज किया जाएगा। फिलहाल किसानों के आंदोलन और उपखण्ड कार्यालय घेराव को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा हैं। मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस आश्वासन सामने नहीं आया है।

### राज्य वन सेवा से भारतीय वन सेवा तक का प्रेरक सफर

## संजय भादू बने वन संरक्षक, निष्पक्षता और कर्मठता की मिसाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान वन विभाग के लिए यह गर्व का क्षण है कि अपनी ईमानदार, निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं से पहचान बनाने वाले संजय भादू को भारतीय वन सेवा (IFS) में पदोन्नति प्रदान करते हुए वन संरक्षक के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे राज्य वन सेवा में उप वन संरक्षक के पद पर कार्यरत रहे और अपने कार्यकाल में प्रशासनिक दक्षता व मानवीय संवेदनशीलता की अलग छाप छोड़ी। संजय भादू को वन विभाग में एक मिलनसार व्यक्तित्व, स्पष्ट और बेबाक वक्ता तथा निष्पक्ष कार्यशैली के अधिकारी के रूप में जाना जाता है। निर्णयों में पारदर्शिता, नियमों की सख्त पालना और मैदानी स्तर पर सक्रियता उनकी कार्यशैली की पहचान रही है। यही कारण है कि अधीनस्थ कार्मिकों से लेकर उच्चाधिकारियों तक वे सभी के बीच समान रूप से सम्मानित रहे हैं। अपने सेवाकाल में भादू ने बाड़मेर, नागौर, श्रीगंगानगर, झुंझुनूं सहित प्रदेश के कई संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण जिलों में उल्लेखनीय सेवाएं दीं। मरुस्थलीय क्षेत्रों में वन संरक्षण, अवैध कटाई पर प्रभावी नियंत्रण, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में उनके प्रयासों को विभागीय स्तर पर सराहा जाता रहा है। कठिन परिस्थितियों में भी वे फील्ड में डटे रहकर काम करने वाले अधिकारी रहे हैं। कर्मठता, अनुशासन और मानवीय दृष्टिकोण का संतुलन उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। कर्मचारियों के साथ संवाद, जनप्रतिनिधियों और आमजन से समन्वय तथा समस्याओं का त्वरित समाधान–इन सभी गुणों ने उन्हें एक लोकप्रिय और भरोसेमंद अधिकारी बनाया। भारतीय वन सेवा में पदोन्नति के बाद वन संरक्षक के रूप में संजय भादू से विभाग को और अधिक सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी निर्णय और प्रभावी वन प्रबंधन की अपेक्षा है। उनकी यह उपलब्धि न केवल वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि उन युवाओं के लिए भी उदाहरण है जो सेवा, ईमानदारी और परिश्रम के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखते हैं। वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने संजय भादू को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाइयाँ देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में वन संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को नई दिशा और गति मिलेगी।



### प्रारंभिक जीवन और अब तक का सफर:

मूलत हनुमानगढ़ जिले जिले के बड़ोपल निवासी संजय भादू का जन्म 21 मार्च 1967 को हुआ था। इनके पिता का नाम हजारी लाल भादू है जो शिक्षा विभाग में लेक्चरर थे। माता का नाम तारावती है। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हासिल की। इसके बाद मैट्रिक्स सीकर से की। उदयपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। भादू का जल व भू संरक्षण विभाग में 1996 में कनिष्ठ अभियंता के रूप में चयन हुआ। इसके बाद 1997 में राज्य वन सेवा में चयन हो गया। भादू सहायक वन संरक्षक, उप वन संरक्षक रहे। साल 2012 में भादू का भारतीय वन सेवा में चयन हो गया। तब से उप वन संरक्षक के पद पर कार्यरत रहे। हाल ही में संजय भादू वन सेवा में पदोन्नत हुए हैं और वन संरक्षक बन गए हैं।

### निराश्रित गोवंश के लिए आगे आया एसोसिएशन

## सर्दी के मौसम में गोवंश की सेवा सराहनीय पहल

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में सरदारशहर सेवा समिति व खाद बीज एसोसिएशन की ओर से आयोजित निराश्रित गौवंश के लिए शीतकालीन शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को सेवा समिति का वरिष्ठ कार्यकर्ता सुखलाल सेन के छोटी सवाई रोड़ खेत पर शुरू किया गया। उद्घाटन समारोह में जितेंद्र शर्मा ने कहा कि निराश्रित गोवंश के लिए शीतकालीन शिविर का शुभारंभ गोवंश को लापसी खिलाकर किया जा रहा है। समिति के संरक्षक राजेंद्र सोनी ने सभी की ओर से तन मन धन से सहयोग करके गौ सेवार्थ शीतकालीन शिविर को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रसन्न धूत ने कहा कि निराश्रित गोवंश के लिए शीतकालीन शिविर में स्थाई रूप से सेवा की जाएगी। सभी को निराश्रित गोवंश की सेवा करने का आग्रह किया। मनीराम सारण ने कहा कि शीतकाल में निराश्रित गोवंश छोटे नंदी की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। किशन मोयल ने कहा सर्दियों में निराश्रित गोवंश को चारा, पानी की नियमित व्यवस्था जो सेवा समिति व खाद बीज एसोसिएशन की ओर से नियमित की जाएगी। इस अवसर पर रोहित पांडिया, भूदेव आर्य, हेतराम सारण, चुन्नीलाल रिणवां, अभिषेक भोजक, भागीरथ, सुभाष बिश्नोई, सीताराम सारण, राधेश्याम सोनी, सुखराम सेन, मोनू मिश्रा, राकेश सोनगरा, मुकेश सोनगरा, निखिल तोषनीवाल, गिरधारी लाल सैनी, किशन जांगिड़, रोहित मोयल, हर्षित मोयल सहित सैकड़ो सेवा समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला अग्रवाल समाज करेगा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का अभिनंदन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अग्रवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य पंकज गुप्ता को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से चौथी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाने पर चार जनवरी को होटल ग्रांड शेखावाटी में चूरू जिला अग्रवाल समाज की ओर से भव्य अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को होटल ग्रांड शेखावाटी में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व सभापति गौरीशंकर मंडावेवाला ने बताया कि पंकज गुप्ता को फिर से प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर समाज में हर्ष का माहौल हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिले भर के अग्रवाल समाज के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। मंडावेवाला ने बताया



कि कार्यक्रम रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में जिले से करीब एक हजार लोग शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए अग्रवाल समाज की महिलाएं भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर चूरू जिला अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, रघुनाथ खेमका, पवन बगड़िया, मुरलीधर ऊंटवालिया, डॉ. प्रमोद बाजोरिया, महेन्द्र राजगढ़िया व विनय गोयनका मौजूद रहे।

# भालेरी रोड़ पर आशाराम पेमाराम एंड संस ने निकाला लक्की ड्रा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भालेरी रोड़ स्थित आशाराम पेमाराम एंड संस की ओर से शुक्रवार को पेट्रोल पंप पर ग्राहकों के लिए लक्की ड्रॉ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें ग्राहकों ने उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निवर्तमान सभापति पायल सैनी रही। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शहर कोतवाल सुखराम चोटिया, सदर थाना के मोटाराम, फील्ड ऑफिसर अजय कुमार व डीलर मनीषा सैनी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता




आसाराम सैनी ने की। लक्की ड्रा में कई आकर्षक इनाम निकाले गए। जिनमें फ्रिज, एलईडी टीवी, वॉशिंग मशीन, मिक्सर ग्राइंडर, कुकर, प्रेस, हेलमेट तथा 100 रूपये के नकद कूपन दिए गए। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार मोहसिन खान, द्वितीय सतीश कुमार और तृतीय पुरस्कार सुभाष कुमार ने प्राप्त किया। फील्ड ऑफिसर अजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनके विश्वास को जितना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पायल सैनी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से व्यवसाय और उपभोक्ताओं के बीच रिश्ता और अधिक मजबूत बनता है। उन्होंने आशाराम पेमाराम एंड संस की ओर से ग्राहकों के हित में किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता आसाराम सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल ईंधन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्राहकों को सम्मान, विश्वास और पारदर्शिता के साथ बेहतर सेवा देना है और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों को आगे भी लाभ देते रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। नारायण बालाण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।